फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 12, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 14

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 13

गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

सेना को आपूर्ति की दवाओं में सेंधमारी

संवाददाता, आगरा : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना फरहान बेग को गिरफ़्तार किया। उसके साथ महेंद्र कुमार उदवानी, नीरज राजौर, अजय गोयल, संस्कार गुप्ता, प्रवेश राजपूत और राजेश भाटिया उर्फ राजा को गिरफ़्तार किया गया।

राज्य सरकार ने पारित किया गिरोहबंद एक्ट, वन्यजीवों और वन्यसंपदा के तस्करों पर भी कसेगा शिकंजा

गो तस्करी और गोहत्या करने वालों पर लगेगा गैंगस्टर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड में गोवंशीय पशुओं की हत्या व तस्करी पर कड़ा शिकंजा कसने की तैयारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विधानसभा सदन में गिरोहबंद एक्ट पारित किया है। सदन में मंजूरी मिलने के बाद अब इस एक्ट को राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से बनाए इस एक्ट में गो हत्या, गो तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में एक संवैधानिक पंक्ति की कमी की वजह से यह एक्ट गो तस्करी और गोहत्या करने वालों पर लागू नहीं हो पा रहा था, आरोपी इस खामी का फायदा उठा कर आसानी से रिहा हो रहे थे।

सरकार ने इसकी धारा 2 में अब संशोधन करते हुए विधानसभा से इसे पारित कर दिया है। इसमें गो वंशीय पशुओं के अवैध परिवहन में संलिप्तता पाए जाने पर भी गैंगस्टर लगाई जा सकेगी। संशोधन के बाद बाल श्रम कराने वालों, यौन शौषण करने वालों, अंग काटने वालों के अलावा जाली करेंसी का मुद्रण, परिवहन, परिचालन, नकली दवाई बनाने वालों के खिलाफ भी गैंगस्टर की धारा लगाई जा सकेगी।

नए गिरोह बंद एक्ट में वन्यजीव की हत्या करने और वन उत्पादों यानी लकड़ी चोरी और तस्करी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। इसी तरह साइबर आईटी क्राइम, नकल करने और कराने वालों, पशु क्रूरता, राज्य की सुरक्षा लोक व्यवस्था और जीवन गति प्रभावित करने वालों के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

> उत्तराखंड के गैंगस्टर एक्ट में कुछ नए विषय जोड़े गए हैं, हम बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए जनता के प्रति अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। देवभूमि में गो तस्करी, गो हत्या करने वाले कानूनी दांवपेच में बच जा रहे थे। इसके अलावा कुछ और महत्वपूर्ण विषय थे जो कि हल्द्वानी बनभूलपुरा हिंसा के बाद समीक्षा बैठक में सामने आए थे। इस पर गृह मंत्रालय और पुलिस विभाग ने मिलकर गिरोह बंदी एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को तैयार किया है। यह एक्ट विधानसभा सदन में मंजूर हो गया है, अब इसे राज्यपाल को भेजा जाएगा।
>
> – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री उत्तराखंड

एक नजर

राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई। बताया कि जांच के तहत मुंबई, पश्चिम बंगाल और दिल्ली-एनसीआर में कुल 15 परिसरों पर छापेमारी की गई।

92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली। संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना।

आल्टो कार खाई में गिरी, दो बच्चों समेत छह की मौत, एक घायल

त्यूणी-अटाल मार्ग पर हुआ हादसा, महासू महाराज के दर्शन को जा रहा था परिवार

देहरादून : विकासनगर क्षेत्र में त्यूणी-अटाल मार्ग पर आल्टो कार पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। कार में सवार सभी लोग महासू महाराज के दर्शन के लिए जा रहे थे।

पुलिस के मुताबिक पंद्राणु हिमाचल से आल्टो कार (यूके-07 डीयू-4719) पंद्राणु हिमाचल से दसौं की तरफ जा रही थी। कार में सवार लोग चालदा महासू महाराज के दर्शन के लिए जा रहे थे। हणस्यूं गांव के पास कार अनियंत्रित होकर पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही पास के गांव में हड़कंप मच गया और लोग मौके की तरफ चल दिए।

त्यूणी थाने से पुलिस फोर्स और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव में जुट गई। कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। रेसक्यू टीम सबसे पहले हादसे में घायल जीत बहादुर पुत्र सुख बहादुर (36) को ऊपर लाई। पुलिस ने राजकीय स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी भिजवाया। जीत बहादुर हिमाचल में पंद्राणु के सैंज गांव का रहने वाला है। कार में सवार सभी इसी गांव के रहने वाले थे और एक ही परिवार से थे।

<< महासू महाराज के दर्शन के लिए जा रहे परिवार की कार पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिरी।

रेसक्यू टीम जैसे -तैसे शवों को ऊपर तक लाई। जहां इनकी शिनाख्त की गई। मृतकों में संजू (35), सूरज (35), शीतल पत्नी सूरज (25), सजंना पुत्री सविता देवी (21), दिव्यांश पुत्र जीत बहादुर (10), यश पुत्र सूरज (5) शामिल हैं। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के लिए सभी शवों को राजकीय स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी भिजवाया।

उत्तराखंड सरकार ने राष्ट्रपति को भेजा समान नागरिक संहिता बिल

राष्ट्रपति से मंजूरी मिलते ही बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून बनने के लिए राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद कानून बनेगा जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार में आने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने राज्य के 13 जिलों में विभिन्न वर्गों, धर्मों, राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों से बातचीत की।

इसके बाद कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। बीती 5 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया। 4 फरवरी को मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी का ड्राफ्ट पटल पर रखा था। 7 फरवरी को ध्वनिमत से यह बिल पास हो गया था। इधर, विधानसभा में पास होने के बाद यह बिल राजभवन भेजा गया। राजभवन में इस बिल पर मंथन हुआ। यहां से बिल विधायी विभाग को भेजा गया था। यहां से बिल राष्ट्रपति को भेजा गया है। दरअसल, यह बिल संविधान की समवर्ती सूची का विषय है इसलिए राज्यपाल ने इस बिल को अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति को भेजा है।

राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद यह बिल कानून बन जाएगा। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां यूसीसी लागू किया गया। इसके बाद असम, राजस्थान में यूसीसी लागू करने का ऐलान हो चुका है।

देश के पहले गांव माणा में संवाद से की थी ड्राफ्ट समिति ने शुरुआत

विधेयक में सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान है। महिला-पुरुषों को समान अधिकारों की सिफारिश की गई है। अनुसूचित जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है। देश के पहले गांव माणा में संवाद से ड्राफ्ट समिति ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने अब अन्य राज्यों को भी इस दिशा में प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा, जिस प्रकार गंगा सबके लिए सुखदायी है, वैसे ही यूसीसी भी मातृशक्ति व पूरे समाज के लिए सुखद होगा।

एसडीएम हटाए, चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृतविचार : गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी हैं। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव गांव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा। गांव सिलई बड़ा गांव में कुछ दिन पहले ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां बोर्ड को हटाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सुमेश का शव गांव पहुंचा। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और हंगामा किया। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम व तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

सिलई बड़ा बवाल

- चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट, एसडीएम व तहसीलदार के हमराह भी आरोपी

> सिलई बड़ा गांव में हुए बवाल के बाद एसडीएम अमन देओल को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मामले की जांच कराई जाएगी।
>
> –**जोगिन्दर सिंह**, जिलाधिकारी

यूपी में सीबीआई ने अखिलेश को किया तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इसमें सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था। आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।



> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं?
>
> –**अखिलेश यादव**

अवैध खनन मामला

- मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ
- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

विधानसभा सचिवालय में हुई नियुक्तियों के मामले में हाईकोर्ट ने तलब किया जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में हुई अवैध नियुक्तियों के खिलाफ दायर दो जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने विधानसभा सचिवालय को 6 फरवरी 2003 के शासनादेश के तहत मामले में शामिल लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए सचिवालय से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 जून की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार अभिनव थापर व बैजनाथ ने अलग अलग जनहित याचिकाएं दायर की हैं। अभिनव थापर की जनहित याचिका में विधानसभा सचिवालय में हुई बैकडोर भर्ती, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा कि एक जांच समीति बनाकर वर्ष 2016 के बाद की विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों को निरस्त कर दिया जबकि उससे पहले की नियुक्तियों को निरस्त नहीं किया। सचिवालय में यह घोटाला वर्ष 2000 में राज्य बनने से अब तक होता रहा है। इस पर सरकार ने अनदेखी कर रखी है। दूसरी जनहित याचिका में विधानसभा सचिवालय के सचिव की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि सरकार ने 6 फरवरी 2003 का शासनादेश जिसमें तदर्थ नियुक्ति पर रोक, संविधान का अनुच्छेद 14, 16 व 187 का उल्लंघन है। जिसमें हर नागरिक को सरकारी नौकरियों में समान अधिकार व नियमानुसार भर्ती होने का प्रावधान है और उप्र विधानसभा की 1974 की सेवा नियमावली तथा उत्तराखंड विधानसभा की 2011 नियमवलयों का उल्लंघन किया गया है।

>> अगली सुनवाई अब 20 जून को होगी

कार्रवाई | कुम्भ मेला- 2021 के दौरान कोविड-19 के फर्जी रैपिड एंटीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर टेस्ट का मामला

फर्जी टेस्ट करने वाले लैब संचालक पर मुकदमा

देहरादून : कुम्भ मेला के दौरान कोविड-19 के फर्जी रैपिड एंटीजन टेस्ट और आरटीपीसीआर टेस्ट के संसनीखेज मे मामले में दून पुलिस ने सम्बंधित लैब संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मालूम हो कि कुम्भ मेला हरिद्वार में वर्ष 2021 के दौरान देहरादून व हरिद्वार के विभिन्न अस्पतालों द्वारा कोविड -19 की फर्जी रेपिड एन्टीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर टेस्ट किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया था। मामला खासा चर्चित रहा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से इस सम्बन्ध में कोतवाली हरिद्वार मे मैक्स कार्पोरेट सर्विस कुम्भ मेला, नलवा लैबोरेट्रीज प्रा. लि. हिसार और डॉ. लाल चन्दानी लैब दिल्ली के विरुद्व अभियोग पंजीकत कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के तहत की गई जांच में पाया कि देहरादून के थाना पटेलनगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित डीएनए लैब द्वारा कुम्भ मेला के द्वौरान रेपिड एन्टीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर टेस्ट किए गए। जिसके एवज में लैब को सरकारी धनराशि कुल 84 लाख 57 हजार 6 सौ 16 रुपये का भुगतान किया गया। उक्त प्रयोगशाला के आईसीएमआर डेटा की जांच में प्रयोगशाला लैब द्वारा किए गए परीक्षण के सम्बन्ध मे आईसीएमआर पोर्टल पर की गई अधिकांश प्रविष्टियाँ नकली प्रतीत होना पाया गया। कई रोगियों के लिए व विभिन्न तिथियों पर एक ही मोबाइल नम्बर व मरीजों के अलग-अलग पते होना पाया गया।

इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उक्त रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई हेतु एसएसपी देहरादून को भेज दिया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर को प्रारम्भिक जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया उक्त लैब में अंकित प्रवृष्टियों का फर्जी होना पाया गया। जिसके आधार पर थाना पटेलनगर में पुलिस द्वारा डीएनए लैब के संचालक के विरुद्ध धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

84 लाख 57 हजार 6 सौ 16 रुपये की सरकारी धनराशि का लैब को किया गया भुगतान

घोटाला

- ईडी ने फर्जी रैपिड एंटीजन एवं आरटीपीसीआर किए जाने के सम्बन्ध में भेजी थी जांच रिपोर्ट
- ईडी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट की जांच में प्रथम दृष्टया फर्जी टैस्ट किए जाने की हुई थी पुष्टि

भारतीय संस्कृति में पूरे विश्व को शांति पथ पर ले जाने का सामर्थ्य

यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के "देवदार सभागार" में संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के "देवदार सभागार" में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी को फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी प्रो. रूप लाल, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल, तथा कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने संबोधित किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि भारत संस्कृति में पूरे विश्व को शांति के पथ पर आगे ले जाने का सामर्थ्य है। फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी रूप लाल ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन से लेकर ब्रह्मांड में घटित होने वाली सभी घटनाओं के पीछे कोई न कोई विज्ञान छिपा हुआ है। हमें बस जरूरत है, तो उसे समझने और सामने लाने की।

इस अवसर पर स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल ने विद्यार्थियों से कहा कि हमारी परंपराओं में जो भी अच्छी बातें हैं उनको ग्रहण करे तथा जो उपयोगी नहीं है उसको त्याग दें।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस दौरान निदेशक डीएसबी परिसर नीता बोरा शर्मा, अतुल जोशी, चित्रा पांडे, संजय पंत, एमसी जोशी, एनजी साहू, सुच्ची बिष्ट आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति। ● अमृत विचार

बिंदुखत्ता में शिवरात्रि महोत्सव 4 मार्च से

लालकुआं। बिंदुखत्ता के श्री हंस प्रेम योग सतपाल महाराज आश्रम में 4 से 8 मार्च तक पांच दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका महात्मा प्रचारिका बाई ने बताया कि 4 मार्च की सुबह बिंदेश्वर महादेव मंदिर से सुबह 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 4 मार्च से 7 मार्च तक प्रत्येक दिन 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कथा प्रवचन होगा। 8 मार्च को सुबह सत्संग प्रवचन पूर्णाहुति हवन अनुष्ठान के बाद दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

प्रादेशिक सेना में भर्ती शुरू करने को लेकर दिया ज्ञापन

हल्दूचौड़। धारी विकासखंड के युवक महेंद्र सिंह ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन भेज कर वर्ष 2019 से बंद पड़ी प्रादेशिक सेना की भर्ती को पुन: बहाल किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में युवक ने अवगत कराया है कि 1948 में प्रादेशिक सेना का गठन किया गया था जो भारतीय सेना का ही एक अंग है। उन्होंने कहा कि प्रादेशिक सेना के माध्यम से उन युवाओं का सपना साकार हो सकता है जो आर्मी में जाकर देश सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 से अब इस भर्ती पर रोक लगी हुई है जिससे हजार युवा निराश और हताश हैं।

हवा में अटकी रही रोपवे ट्रॉली

▸▸ बिजली जाने से हुई परेशानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शहर के मल्लीताल क्षेत्र से संचालित रोपवे ट्राली दोपहर में अचानक बीच राह रुक गई। हवा में ट्रॉली रुके रहने से उसमें सवार पर्यटकों की भी सांस अटक गई। हालांकि करीब सात से दस मिनट बाद ट्रॉली दोबारा शुरू हुई तो पर्यटकों ने राहत की सांस ली। रोपवे प्रबंधन ने ट्रॉली रुकने के पीछे लाइट जाना कारण बताया है।

बुधवार दोपहर रोपवे में पर्यटक व स्थानीय लोग सफर कर रहे थे। इस दौरान बीच में जाकर अचानक दोनों ट्रॉली रुक गईं। कुछ देर तक तो लोगों ने इसे तकनीकी खामी समझा, मगर पांच मिनट का समय गुजर जाने पर भी जब रोपवे शुरू नहीं हुआ तो ट्रॉली में सवार लोग परेशान हो गए। करीब सात मिनट बाद रोपवे दोबारा शुरू हो पाया। रोपवे प्रबंधक शिवम शर्मा ने बताया कि लाइट चली जाने के कारण रोपवे बंद हो गया था। जनरेटर खोलने के बाद रोपवे का संचालन सुचारु कर दिया गया।

तकनीकी खराबी के चलते रुकी ट्रॉली। ● अमृत विचार

हिंदी में 3920 परीक्षार्थी अनुपस्थित

▸▸ सर्वाधिक छात्र ऊधम सिंह नगर व हरिद्वार जिले में अनुपस्थित

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं के दूसरे दिन राज्य के 13 जनपदों में दूसरे दिन संपन्न हुई हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा में कुल 3920 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

बता दें कि हिंदी की हाईस्कूल परीक्षा में राज्य के 1228 परीक्षा केंद्रों में कुल 1,16,009 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,12089 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यानी 3920 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में हरिद्वार में 1145, देहरादून में 475, उत्तरकाशी में 107, टिहरी में 166, पौड़ी में 133, चमोली में 96, रुद्रपयाग में 56, पिथौरागढ़ में 100, चंपावत में 40, अल्मोड़ा में 74, बागेश्वर 70, नैनीताल में 236 और ऊधमसिंह नगर में सर्वाधिक 1222 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उधर इंटर की हिंदुस्तानी संगीत गायन परीक्षा में कुल 680 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 665 ने परीक्षा दी। इसमें 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

चेतन का कैंब्रिज विश्वविद्यालय में शोध के लिए चयन

नैनीताल। बजूंन निवासी चेतन पांडेय ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर विश्व प्रसिद्ध इंग्लैंड स्थित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तक का सफ़र तय किया है। चेतन वहां बायोटेक्नोलॉजिस्ट/माइक्रोबायलॉजिस्ट के रूप में शोध कार्य कर रहे हैं। चेतन ने प्रसिद्ध पादप विज्ञानी डॉ. सेबेस्टियन शोनार्क के निर्देशन में शोध कार्य प्रारंभ कर दिया है। चेतन ने इंटर तक की शिक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज नैनीताल से प्राप्त की है। बीएससी व एमएससी ऑनर्स की परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से उत्तीर्ण की। चेतन के पिता कमलेश पांडे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं व माता जूनियर हाईस्कूल थापला में प्रधान अध्यापिका हैं। चेतन अपनी सफलता का श्रेय पारिवारिक जनों, बुआ निर्मला पांडे और प्रिय मित्र अभिषेक यादव को देते हैं।

चेतन पांडे।

चेक वितरण करते ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट।

आत्मनिर्भरता व गो पालन बढ़ाने के लिए बांटे चेक

भीमताल : विकासखंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में जनसंवाद दिवस आयोजित हुआ। इस मौके पर दूरदराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने की निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पानी, राशन कार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा, जिसका मौके पर निस्तारण किया। पशुपालन के क्षेत्र में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोपालन, बकरी पालन कर आजीविका बढ़ाने के लिए पात्र लाभार्थियों को चेक वितरित किए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रेम बल्लभ ब्रजवासी, प्रधान हेमा आर्य, विपिन जंतवाल, धर्मेन्द्र रावत, पूरन भट्ट, अमित कुमार,जया बोहरा, विनोद कुमार, दिनेश चंद, अनिता प्रकाश, गोपाल कृष्ण भट्ट,दयाल बेलवाल, नवीन मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक से किया लोगों को जागरूक

भीमताल : भीमताल विधानसभा के अन्तर्गत धानाचूली बाजार क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी धारी अंशुल बिष्ट ने सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई। तत्पश्चात स्वीप समन्वयक दीपा रैक्वाल और राजेश पांडे ने लोगों को पंजीकरण एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर सुनीता हीरा, प्रयाग मौजूद थे।

नारी न्याय कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

महिलाओं ने नारी न्याय सम्मेलन का आगाज किया

लालकुआं : कोमल है कमजोर नहीं शक्ति का नाम नारी है, इस गीत के साथ बिंदुखत्ता के बीडी जोशी मेमोरियल स्कूल के ऑडिटोरियम में बुधवार को कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं ने नारी न्याय सम्मेलन का आगाज किया। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक विधानसभा में आयोजित किए जा रहे नारी न्याय सम्मेलन के तहत आज यहां बड़ी संख्या में महिलाएं जुटीं। कार्यक्रम को बीना जोशी, उर्मिला मिश्रा, राधा दानू, किरन जोशी, आशा जोशी, उर्मिला धामी, हंसी बहुगुणा आदि ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहने को कहा। कार्यक्रम के अंत में शहीद वीरांगनाओं प्रेमा पपोला तथा गंगा फुलारा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

नैनीताल में खिली चटक धूप, सैलानियों का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर में मौसम ने एक बार फिर से करवट बदल ली है। बीते एक सप्ताह से हो रही ठंड से बुधवार को फिर राहत मिल गई है। बुधवार सुबह से ही आसमान साफ होने के चलते दिनभर गुनगुनी धूप खिली रही।

मौसम के जानकारों का कहना है कि अब मौसम साफ हो चुका है। आने वाले समय में हल्की बारिश हो सकती है। उधर, अभी भी स्थानीय व्यापारियों को सैलानियों का इंतजार बना हुआ है। इसके चलते नगर में सन्नाटा पसरा हुआ है। पर्यटन पर आधारित टैक्सी चालकों, नाव चालकों, गाइड, होटल कारोबारियों व छोटे-बड़े दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हल्द्वानी में रात में चल रही सर्द लहर

हल्द्वानी : पहाड़ों में विगत दिनों हुई बर्फबारी के बाद अब मौसम साफ हो रहा है। मैदानी इलाकों में दिन में चटक धूप निकल रही है लेकिन रात को सर्द हवाएं चल रही हैं। हल्द्वानी में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर के समय लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। रात के समय सर्द लहर चल रही है। रात को न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार एक मार्च से फिर से मौसम में बदलाव हो सकता है। बारिश होने के आसार हैं।

नैनीताल में साफ आसमान। ● अमृत विचार

दिव्यांगजनों को सक्षम एप से मिलेगी सुविधाओं की जानकारी

▸▸ दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक विधानसभा में सहायक नोडल अधिकारी की तैनाती

संवाददाता भीमलाल

अमृत विचार : शासन द्वारा दिव्यांगजन से मतदान कराने के लिए प्रयास किए गए हैं।

इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए बाकायदा सक्षम एप भी बनाया गया है। इधर, नोडल अधिकारी (दिव्यांगजन) जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता सूची में मैपिंग का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। जनपद में 6100 दिव्यांग जनों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, जिसके सापेक्ष 5981 दिव्यांग जनों का मतदाता सूची में मैपिंग का कार्य किया जा चुका है। बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को दृष्टि एवं लोकोमोटिव दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दिवस पर सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए निशुल्क पास प्रदान किए जाएंगे। यदि सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है तो उनके निवास स्थान से मतदान केंद्र तक निशुल्क लाने और छोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र मतदाताओं को सक्षम एप पर पंजीकृत सुविधा भी प्रदान की गई है। बताया कि नैनीताल में दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए निर्वाचन से संबंधित पूछताछ के लिए मोबाइल तथा व्हाट्सएप नंबर 8439 39 1331 जारी किया गया है।

सक्षम एप। ● अमृत विचार

इन अधिकारियों को बनाया गया सहायक नोडल अधिकारी

हल्द्वानी : विधानसभा के लिए संजय बिष्ट, लालकुआं विधानसभा के लिए राहुल आर्य, कालाढूंगी विधानसभा के लिए योगेश पांडे, भीमताल विधानसभा के लिए पूनम रावत, रवि कुमार, नैनीताल विधानसभा के लिए मोहम्मद चांद और रामनगर विधानसभा के लिए जसविंदर सिंह सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

बैंणी सेना ने मतदान के लिए किया जागरूक

हल्द्वानी : बैंणी सेना ने स्वच्छता शुल्क वसूलने के साथ ही लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम भी शुरू कर दिया है। बुधवार को बैंणी सेना ने विभिन्न वार्डों में मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया और मतदान के लिए संकल्प पत्र भी भरवाया। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि 150 लोगों से संकल्प पत्र भरवाए गए हैं।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

छात्र और शिक्षकों की क्षमता संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला

नैनीताल। बिड़ला विद्या मंदिर में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय इंक्लूसिव एजुकेशन अथवा समावेशी शिक्षा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों से कार्यशाला में प्रतिभाग करने हुए शिक्षकों की क्षमता का विकास करना है। कार्यशाला में नैनीताल समेत करीब 50 स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को देहरादून से आई शिक्षाविद गीता शुक्ला एवं गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामनगर के प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, धीरज भट्ट, दीपक पांडे आदि मौजूद रहे।

अब नहीं दिया बकाया तो घर का सामान जब्त

▸▸ बकाएदारों पर पालिका करने जा रही बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर पालिका को वर्षों से भवन व सफाई कर की अदायगी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के घर का टीवी, फ्रिज और अन्य कीमती सामान जब्त होगा। पालिका उपभोक्ताओं के चल संपत्ति की कुर्की के बाद नीलामी से मिलने वाली आय से कर की भरपाई करेगी।

बड़े उपभोक्ताओं से वसूली के लिए आरआरसी काटने की तैयारी की जा रही है। नगर पालिका को हर वर्ष भवन व सफाई कर से करीब चार करोड़ की कमाई हो सकती है। लेकिन इसके सापेक्ष पालिका 40 प्रतिशत भी वसूल नहीं हो पाती है। तमाम सरकारी विभाग व उपभोक्ता ऐसे हैं, जो वर्षों से कर अदा नहीं कर रहे हैं। बीते माह नगर पालिका की ओर से सरकारी विभागों व बड़े बकाएदार की आरआरसी काटी गई थी। बीते दो माह में नगर पालिका करीब दो करोड़ की वसूली कर चुकी है। अब पालिका बकाएदार लोगों के घर की चल संपत्ति टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन समेत अन्य कीमती सामान कुर्की कर जब्त करेगी। ईओ (आईएएस) राहुल आनंद ने बताया कि सामान को जब्त कर मिलने वाली आमदनी से कर की भरपाई की जाएगी। ऐसे बड़े बकाएदारों को चिह्नित कर सूची बनाई जा रही है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अनदेखी | मरम्मत के कार्य में सिल्ट निकालने के लिए कोई योजना नहीं

सिंचाई विभाग से झील की सिल्ट निकालने की मांग

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : सिंचाई विभाग द्वारा इन दिनों झील से रिसाव समाप्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। पर नगर वासियों की तीन दशक से भीमताल झील से सिल्ट निकालने की मांग पर कार्रवाई नहीं होने से निराशा है।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक भीमताल झील से सिल्ट निकालने का कार्य 1998 के करीब हुआ था। लेकिन तब भी पूरी झील से सिल्ट नहीं निकल पाई थी। वहीं बताते हैं कि उसके बाद कांग्रेस के शासन काल में जब हरीश रावत केन्द्रीय जल संस्थान मंत्री थे। तब सिंचाई विभाग द्वारा भीमताल झील और नौकुचियाताल, सातताल और ओखलकांडा की दो झीलों में सौंदर्यीकरण, अन्य कार्य और भीमताल में सिल्ट निकालने के लिए लगभग 14 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

बाद में लगभग पांच वर्ष के बीच कभी केन्द्र से तो कभी प्रदेश से लगभग एक दर्जन बार आपत्तियां आईं।

सभी आपत्तियों के निस्तारण करने के बाद भी अब तक भीमताल झील से सिल्ट निकालने के लिए प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो पाया है। वहीं अब जब भीमताल झील से मैदानी क्षेत्र को पानी की निकासी पूर्ण बंद है ऐसे में भीमताल झील के किनारे किनारे मलबे के डेल्टा उभर कर आ गए हैं। बोट चालक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र फर्त्याल बताते हैं कि वर्तमान में जब झील में कार्य किया जा रहा है तो इसी के साथ झील से सिल्ट निकाल दिया जाता तो बेहतर था।

भीमताल झील के किनारे मलबे के डेल्टा। ● अमृत विचार

"भीमताल झील में विभिन्न गतिविधियों को लेकर कई लोगों को रोजगार मिला है। ऐसे में झील से सिल्ट निकालने की मांग लंबे समय से की जा रही है। झील से सिल्ट नहीं निकाली गई तो झील का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। **-देवेंद्र फर्त्याल**, बोट चालक समिति अध्यक्ष

"वर्तमान में जो झील से रिसाव समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है। उस योजना में सिल्ट निकालने का कार्य सम्मिलित नहीं है। इसके लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

-दिनेश रावत, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग

एक नजर

दो दंपति ने मिटाए मतभेद दो में रिपोर्ट के आदेश

हल्द्वानी : ऐच्छिक ब्यूरो ने बुधवार को आठ परिवारों के बीच काउंसिलिंग कराई। दो दंपति ने तो आपसी मतभेद मिटा, लेकिन जिन दो में बात नहीं बनी उनके खिलाफ मुकदमे के आदेश दे दिए गए। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एक-एक कर आठ परिवारों के बीच काउंसिंग कराई गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा अध्यक्षता में ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्यों सीओ भवाली नितिन लोहनी, मनोचिकित्सक व काउंसलर डा. युवराज पंत, शिक्षाविद डा. प्रभा पंत के समक्ष महिला समाधान केंद्र प्रभारी एसआई लता खत्री ने 8 प्रकरण रखे। काउंसलिंग के माध्यम से 2 मामलों में दोनो पक्षों को भली-भांति समझा कर उनका राजीनामा कराया गया। 2 मामले में मुकदमा और 2 कोर्ट कार्यवाही को अग्रसारित कर निस्तारित किया गया।

पुरुष हॉस्टल की खिड़कियों के टूटे शीशे, 11 फरवरी की रात 11:30 बजे हुई थी घटना, सीसीटीवी से चिन्हित हुए तीन और छात्र

मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल में पीजी जेआर ने फेंके पत्थर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के नर्सिंग हॉस्टल में एक पीजी जेआर ने पत्थरों की बरसात कर दी। जिससे कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि किसी छात्र को चोट नहीं आई। मामले में कॉलेज प्रशासन ने पीजी जेआर को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बीती 11 फरवरी की रात लगभग साढ़े 11 बजे चार युवक एक वाहन से कॉलेज परिसर स्थित मैस में खाना-खाने आए थे। खान खाने के बाद चारों मैस से कुछ दूरी पर स्थित पुरुष नर्सिंग हॉस्टल (छात्रावास) पहुंचे और हॉस्टल में पत्थर फेंकने शुरू कर दिया। इससे हॉस्टल में रह रहे छात्रों में हड़कंप मच गया। पत्थरों से हॉस्टल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। घटना के बाद आरोपी युवक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। अगले दिन हॉस्टल के वार्डन ने कॉलेज प्रशासन को मामले की लिखित शिकायत दी। जिसके बाद प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन को ट्रेस किया और पत्थर फेंकने वाले युवक की पहचान पीजी जेआर के रूप में की।

मामले में बीते मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने अनुशासन समिति की बैठक बुलाई। जिसमें आरोपी पीजी जेआर को अपना पक्ष रखने को कहा गया। जिसमें उसने तीन अन्य छात्रों के नाम भी उजागर किए। कॉलेज प्रशासन पीजी जेआर समेत अन्य छात्रों के खिलाफ कार्रवाई में जुट गया है।

इंटर्न हॉस्टल में आधी रात हो रही थी पार्टी

मेडिकल कॉलेज के इंटर्न हॉस्टल में देर रात पार्टी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बीती 26 फरवरी की रात डेढ़ बजे इंटर्न हॉस्टल में कुछ छात्र डीजे बजाकर पार्टी कर रहे थे। इनमें कुछ युवक बाहर से भी आये थे। बताया जाता है कि जब कॉलेज के सुरक्षा कर्मी डीजे बंद कराने व छात्रों को रोकने पहुंचे तो कुछ युवक उनसे उलझ पड़े। सुरक्षा कर्मियों के सख्त रूख अपनाने पर डीजे बंद कर दिया। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि मामले की सूचना बुधवार को मिली है। शिकायत आने पर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मामले में अनुशासन समिति की बैठक बुलाई थी। जिसमें एक पीजी जेआर को चिन्हित किया गया है। इसमें तीन अन्य छात्रों के नाम भी सामने आए हैं। जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज में नियमों का उल्लंघन किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं होगा। - **डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

पंजीयन निरस्त कराओ 100 प्रतिशत छूट पाओ

हल्द्वानी, अमृत विचार: परिवहन विभाग ने ऐसे वाहन स्वामियों को छूट दी है जो वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराना चाहते हैं। इसमें वर्ष 2003 से पहले पंजीकृत वाहनों में टैक्स में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी जबकि 2003-2006 के वाहनों में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। छूट का लाभ लेने के लिए वाहन स्वामी को रजिस्टर्ड स्क्रैपिंग सेंटर से एक सर्टिफिकेट लाना होगा कि गाड़ी स्क्रैप में दे रहे हैं। इसके बाद वाहन स्वामी को टैक्स छूट के 20 दिन के भीतर सर्टिफिकेट देना होगा जिससे कार्यालय में उसका पंजीकरण निरस्त हो जाएगा। हल्द्वानी संभाग के आरटीओ (प्रशासन) संदीप सैनी ने बताया कि वाहन स्वामी आवेदन परिवहन कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

पुलिस ने दागे 200 सवाल, मलिक ने नहीं खोले राज

कानूनी दांव-पेच से वाकिफ अब्दुल मलिक को सवालों से तोड़ नहीं पाई पुलिस, उलझाता रहा मलिक, मोईद की जानकारी भी नहीं दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तू डाल-डाल, मैं पात-पात। पुलिस रिमांड में मौजूद अब्दुल मलिक का हाल भी कुछ ऐसा ही है। पुलिस मलिक पर सवाल पर सवाल दाग रही, लेकिन मलिक के हलक से असली राज बाहर नहीं निकल रहे। न तो वह फरार मोईद के बारे में कोई जानकारी देने को तैयार है और न उन लोगों के बारे में बताने को तैयार है, जिन्होंने फरारी के दौरान उसकी मदद की। हालांकि मलिक के मुंह से कुछ ऐसी बातें भी निकली हैं, जो उसके खिलाफ जा सकती हैं।

बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा का अब्दुल मलिक को मास्टर माइंड कहा जा रहा है। 8 फरवरी से ही फरार मलिक को एसओजी ने बीती 24 फरवरी को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। नैनीताल जेल में बंद मलिक को पुलिस ने 27 फरवरी को रिमांड पर लिया और तब से उससे लगातार पूछताछ जारी है। काठगोदाम थाने में मौजूद मलिक से अब तक दो सौ से अधिक सवाल पूछे जा चुके हैं। जिसमें मलिक का बगीचा स्थित जमीन से जुड़े सवालों के साथ ये कि वह घटना के दिन कहां था। हल्द्वानी से फरार होने के बाद वो कहां-कहां गया और किन-किन लोगों ने उसे संरक्षण दिया। इसके अलावा क्या घटना के दिन उसका बेटा मोईद भी उसी के साथ फरार हुआ और वो फरार होने के बाद कहां गया। घटना से पहले मलिक ने किन लोगों से संपर्क साधा और किस तरह से उसने हिंसा में फंडिंग की। पुलिस ने उसकी पत्नी साफिया के बारे में भी उससे पूछताछ की, लेकिन कानूनी दांव-पेंच के माहिर मलिक ने पुलिस के किसी भी सवाल का न सीधा जबाव दिया और न ही यह स्वीकार किया कि उसका हिंसा में कोई हाथ है।

वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि मलिक से पूछताछ में तमाम बातें निकल कर सामने आई हैं। उसने जो भी बताया है उसे क्रास चेक किया जा रहा है। पुलिस 2 फरवरी को मलिक को कोर्ट में पेश करेगी और जरूरत पड़ी तो उसे दोबारा रिमांड पर लिया जाएगा।

बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में ध्वस्त किया गया मदरसा। (फाइल फोटो)

मलिक के नंबर से हुआ हर कॉल होगा वेरीफाई

हल्द्वानी : मलिक भले ही कुछ उगलने को तैयार न हुआ हो, लेकिन पुलिस हर संभावना को टटोल रही है। ऐसे में मलिक का मोबाइल पुलिस के लिए अहम साबित हो सकता है, लेकिन बताया जा रहा है कि पुलिस को अभी तक मलिक का मोबाइल नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस अब मलिक के मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है। सीडीआर में देखा जाएगा कि मलिक ने घटना से कुछ दिन पहले, घटना के दिन तक और फरारी से ठीक पहले किन किन लोगों से बात की। पुलिस सीडीआर से मिलने वाले ऐसे हर संदिग्ध नंबर को वेरीफाई करेगी और पता करेगी कि मलिक ने किस-किस से बात की।

बोला, मैंने कई जगह बनाए मदरसे

हल्द्वानी : पुलिस ने मलिक से स्टांप पर बेची गई जमीनों को लेकर भी सवाल किए, लेकिन मलिक ने सवाल पर पुलिस से उल्टा सवाल कर लिया और कहाकि हल्द्वानी कई स्थानों पर स्टांप पर जमीनें बेची जा रही है तो फिर उस पर ही कार्रवाई क्यों की गई। पूछा गया कि क्या उसने जमीन हथियाने के लिए मलिक का बगीचा में मदरसा और पूजा स्थल का निर्माण कराया तो इसका भी उसने सीधा जवाब नहीं दिया और कहाकि उसने कई जगह मदरसे बनाए हैं। मलिक का बगीचा में भी जमीन खाली थी तो उसने वहां भी गरीब बच्चों के पढ़ने के लिए मदरसा बना दिया।

सन्नाटे में मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा गुलजार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : 'खुदा' सब पर रहमत बरसे, असली दोषियों को सजा मिले और पहले की तरह स्थिति सामान्य हो...ये अलफाज हैं बनभूलपुरा में रहने वाले 75 वर्षीय मोहम्मद सलीम के। हिंसा की घटना को बयां करते हुए सलीम अल्लाह से 'ऐसी घटना दोबारा न हो' यही दुआ मांगते दिखे।

करीब 20 दिन पहले यानि आठ फरवरी को मलिक का बगीचा में हिंसा और आगजनी की घटना हुई थी। जिससे लोगों में अभी भी डर का माहौल है। घटना बच्चों से लेकर बड़े और बूढ़े तक सभी के दिल व दिमाग में गहरी छाप छोड़ गई है। बुधवार को 'अमृत विचार' की टीम लाइन नंबर एक से 17 तक सभी गलियों से होकर मलिक का बगीचा पहुंची। जहां का नजारा हैरान करने वाला था। एक तरफ जहां पूरे बनभूलपुरा में हिंसा के बाद स्थिति धीरे-धीरे पटरी पर लौटती नजर आई। जबकि हिंसाग्रस्त मलिक का बगीचा में चारों तरफ सन्नाटा पसरा नजर आया।

गलियां सुनसान थी और दुकानों के शटर गिरे थे। कई घरों में ताला लगा था। बड़े-बूढे. और महिलाएं घरों में कैद थीं। जरूरी काम पड़ने पर ही लोग घर से बाहर निकलते दिखे। जब टीम ने लोगों से बातचीत का प्रयास किया तो पहले तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। बाद में दबी जुबान से अपने दर्द को बयां किया। बताया कि वह घटना से बाद से अब तक डर के साये में जी रहे हैं।



मलिक का बगीचा क्षेत्र में पसरा सन्नाटा व लाइन नंबर 17 में लगे बुध बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

दो सप्ताह बाद लगी बुध बाजार, रौनक कम

बनभूलपुरा लाइन नंबर 17 में करीब दो सप्ताह बाद बुधवार को बुध बाजार लगी। जिसमें पहले की तरह रौनक कम दिखी। लोग जरूरत के हिसाब से ही खरीदारी करते नजर आए। नाम न छापने में एक ठेले वाले ने बताया कि लोगों में अभी डर का माहौल है। धीरे-धीरे कामकाज पटरी पर लौट रहा है। स्थिति को ठीक होने में कम से कम छह माह का समय लग सकता है।

सब बताया, मगर नाम बताने पर साधी चुप्पी

बनभूलपुरा और मलिक का बगीचा में रहने वाले लोगों ने हिंसा की घटना का दर्द बयां किया, लेकिन जब उनका नाम जानना चाहा तो चुप्पी साध ली। लोगों में घटना का इतना खौफ था कि उन्होंने नाम तक बताने से इंकार कर दिया। सभी ऊपर वाले से पहले की तरह स्थिति होने की दुआ मांगते दिखे।

पुलिस के 10 अधिकारी कर रहे अलग-अलग पूछताछ

हल्द्वानी : पुलिस के करीब 10 अधिकारी अब्दुल मलिक से अलग-अलग पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा भी मलिक से पूछताछ की। बताया जा रहा कि अधिकारियों ने पूछताछ अलग-अलग जरूर की, लेकिन कई सवालों को घुमा-फिरा कर पूछा और कई सवालों में मलिक उलझ गया। बता दें कि मलिक को हिंसा का मुख्य आरोपी इसलिए माना जा रहा है क्योंकि जिस जमीन पर उसने अवैध अतिक्रमण किया था, उसी अतिक्रमण को बचाने के लिए हिंसा भड़की। हालांकि मलिक हिंसा में अपनी संलिप्ता को खारिज कर रहा है।

तफ्तीश जारी

मलिक से ज्यादा शातिर निकली सिपाही की बीवी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिपाही की पत्नी से अवैध संबंध और फिर ब्लैकमेलिंग करने वाले प्रकाश की बीती 8 फरवरी को गोली मार कर हत्या कर दी गई। बनभूलपुरा हिंसा की आड़ में घटना को अंजाम देने वाला चोरगलिया थाने का कांस्टेबल बीरेंद्र सिंह, साले और साथियों सहित सलाखों के पीछे पहुंच चुका है, लेकिन उसकी फरार पत्नी, अब्दुल मलिक और मोईद से भी ज्यादा शातिर निकली। पुलिस 20 दिन बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं कर सकी।

छैनेगांव सिन्हा भोजपुर बिहार निवासी प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज (25 वर्ष) पुत्र श्याम देव सिंह की बीती 9 फरवरी को आंवला चौकी गेट के पास लाश मिली थी। खुलासा हुआ तो पता लाग कि चोरगलिया थाने में तैनात और ग्राम आलावृद्धि खटीमा का रहने वाले कांस्टेबल बीरेंद्र सिंह की पत्नी से प्रकाश के अवैध संबंध थे। उसने कांस्टेबल की पत्नी संग अंतरंग वीडियो बनाए लिए थे और लगातार उसे ब्लैकमेल कर रहा था। महिला ने यह बात अपने कांस्टेबल पति को बताई और कांस्टेबल ने हत्या का षड्यंत्र रच डाला। उसने अपनी पत्नी, साले किच्छा निवासी प्रेम सिंह, शक्तिफार्म निवासी सूरज बाईन व इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी नईम खान के साथ मिलकर प्रकाश आंवला चौकी गेट के पास सिर में गोली मार दी।

मामले में पुलिस ने कांस्टेबल की पत्नी को छोड़ सभी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन महिला हाथ नहीं आई। बताया जाता है कि कांस्टेबल ही पत्नी मूलरूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। माना जा रहा है कि घटना के बाद वह अपने गृह जनपद की ओर रवाना हो गई है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि टीम हत्यारोपी महिला की तलाश कर रही है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

अपराध

- प्रकाश हत्याकांड में फरार आखिरी हत्यारोपी महिला को नहीं पकड़ पाई पुलिस
- बनभूलपुरा हिंसा की आड़ में सिपाही ने साथियों सहित की थी प्रकाश की हत्या

पहले दोस्त की बहन, फिर सिपाही की पत्नी तक पहुंचा

प्रकाश सितारगंज में काम करता था और तभी उसकी दोस्ती सूरज बाईन से हुई। उसने सूरज की बहन से भी अवैध संबंध बनाए और सूरज के जरिये कांस्टेबल के साले प्रेम सिंह से दोस्ती कर ली। प्रेम को भरोसे में लेकर वह उसकी बहन यानी कांस्टेबल के घर तक पहुंच गया और कांस्टेबल की पत्नी को भी अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसा लिया।

36 हत्यारोपियों के बीच अलबशर के हत्यारे की तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अलबशर की मौत मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई। अलबशर की हत्या का शक 36 लोगों पर है, लेकिन इन सभी ने हत्या नहीं होगी। ऐसे में पुलिस अब 36 हत्यारोपियों में असली हत्यारे को तलाश रही है। जल्द ही पुलिस जेल पहुंच कर इन आरोपियों से पूछताछ करेगी। आरोपियों में हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद का भी नाम है।

बता दें कि नई बस्ती ताज मस्जिद निवासी अलबशर (18 वर्ष) पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी के ठेले से फेरी लगाता था। बीती 8 फरवरी को हिंसा वाली रात अलबशर सब्जी बेचकर घर लौट रहा था।

लाल मस्जिद लाइन नंबर 17 के पास उस पर धारदार हथियार से हमलाकर पेट फाड़ दिया गया। 25 फरवरी को उसकी मौत हो गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि लाइन नंबर 17 से आई जिस उग्र भीड़ ने थाना फूंका, उन्हीं में से कोई अलबशर का हत्यारा हो सकता है।

थाना फूंकने के मामले में अब्दुल मलिक, अब्दुल मोईद समेत अभी तक 36 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और सभी पर अलबशर की हत्या का शक है। हालांकि यह भी साफ है कि सभी लोग मिलकर हत्या नहीं कर सकते। असली हत्यारे तक पहुंचने के लिए सभी 36 लोगों से अलग-अलग पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी और उस रोज वायरल हुए वीडियो की जांच कर हत्या की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि जल्द ही मामले का पटाक्षेप कर दिया जाएगा। मौत में हादसे का एंगल भी देखा जा रहा है।

जांच

- लाल मस्जिद बनभूलपुरा के पास हुआ था अलबशर पर हमला
- आरोपियों में अब्दुल मलिक और बेटे अब्दुल मोईद का भी नाम

सोने के जेवरों संग दो चोर धरे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: गुलरघट्टी में एक घर से चुराए गए सोने के जेवरों समेत नगदी को पुलिस ने दो दिन में ही बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

26 फरवरी को पूछड़ी निवासी फराह सैफी पत्नी मोहम्मद आजम के घर में चोरी हुई थी। इसमें सोने चांदी के आभूषणों के अलावा कुछ नगदी भी शामिल थी। 27 फरवरी को फराह सैफी ने कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नई गूलरघट्टी निवासी जुबेर व अमन उर्फ मुन्ना निवासी नई बस्ती गुलरघट्टी को वन निगम के मैदान के पास धर दबोचा। सख्ती से हुई पूछताछ में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर आरोपी जुबेर के घर से सोने की दो अंगूठियां, सोने का मांग टीका, चांदी की एक जोड़ी पाजेब, चांदी के एक जोड़ी लटकदार कंगन, दो घड़ियां और चार हजार नगद बरामद कर लिए। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। टीम में प्रभारी कोतवाल अरुण सैनी के साथ एसआई दीपक कार्की व मोहम्मद यूनुस आदि शामिल थे।

खुलासा

- बीती 26 फरवरी को पूछड़ी में हुई थी चोरी
- पुलिस ने चोरी का माल किया बरामद, भेजा जेल

दुम्काबंगर बच्चीधर्मा के मंदिरों में चोरों का धावा

हल्दूचौड़ : ग्राम पंचायत दुम्का बंगर बच्चीधर्मा के दोलिया डीक्लास गांव में सप्ताह भर के भीतर दो अलग-अलग मंदिरों में चोरों ने सेंधमारी की है। ग्रामीणों की मानें तो चोर शातिराना अंदाज में रात्रि के समय गांव में बने हुए मंदिरों में चोरी कर रहे हैं। ताजा वाक्या विगत रात्रि दोलिया डीक्लास के प्रगति विहार कॉलोनी से सामने आया है। यहां देर रात चोरों ने मंदिर से कुछ कीमती सामान समेत मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी उड़ा ली। मामले की सूचना स्थानीय लोगों ने हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज सोमेंद्र सिंह दी।

सिटी मजिस्ट्रेट हुईं रिलीव एसडीएम को सौंपा चार्ज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह बुधवार को रिलीव हो गईं। उन्होंने अपना कार्यभार हल्द्वानी एसडीएम परितोष वर्मा को सौंपा है।

शासन ने बीती 30 जनवरी को कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए थे। इनमें सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को प्रशिक्षण निदेशालय में अपर निदेशक के पद पर तबादला किया था जबकि कुमाऊं मंडल विकास निगम में महाप्रबंधक के पद पर तैनात अब्ज प्रसाद वाजपेयी को सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया था। जिला प्रशासन ने इनको रिलीव नहीं किया था। बीती 8 फरवरी को वह बनभूलपुरा में कंपनी बाग में नजूल भूमि पर अतिक्रमण हटाने गई थी तब उपद्रवियों ने टीम पर हमला कर दिया था। प्रशासन ने तुरंत ही कफर्यू लगा दिया था। इस वजह से सिटी मजिस्ट्रेट को रिलीव नहीं किया गया था।

बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट को रिलीव कर दिया गया। उन्होंने देर सायं अपना कार्यभार एसडीएम परितोष वर्मा को सौंप दिया। दरअसल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी अभी अवकाश पर हैं, वह 4 मार्च को कार्यभार ग्रहण करेंगे। तब तक चार्ज एसडीएम वर्मा के पास ही रहेगा।

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण नहीं होने पर एजेंसी से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने कुमाऊं के हल्द्वानी में स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम का काम तय समय में पूरा नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने निर्माण कर रही संस्था से कार्य पूर्ण होने पर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियत की है।

सुनवाई में निर्माण एजेंसी की तरफ से कहा गया कि निर्माण से संबंधित सारा काम पूरा हो चुका है, सिर्फ अन्य कार्य बाकी है इसलिए उन्हें समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने संपूर्ण कार्य पूर्ण होने पर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी अमित खोलिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी में 200 करोड़ की लागत से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम 15.20 हेक्टेयर वन भूमि पर बनाया गया है, जो अभी तक पूर्ण नहीं बना है। सरकार की ओर से इसे बनाने के लिए बार-बार निर्माण एजेंसियों को बदला जा रहा है।



अब सरकार ने इस काम का जिम्मा उत्तराखंड पेयजल निर्माण को दिया है जबकि इस स्टेडियम में 38वें नेशनल गेम्स होने थे परंतु काम पूरा नहीं होने से केंद्र सरकार अन्य जगह तलाश रही है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि अभी तक इसका निर्माण पूरा नहीं हुआ जबकि इसका निर्माण पूरा होने की तिथि निकल चुकी है। खिलाड़ियों को कोचिंग करने के लिए अन्य राज्य जाना पड़ रहा है। राज्य के हाथ से 38वें खेल महाकुंभ भी निकल गया है। उन्होंने जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि इसका निर्माण तय समय सीमा में कराया जाए।

सार-संक्षेप

पड़ोसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

नैनीताल : बेलुवाखान में रहने वाली एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट कर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। महिला ने डीएम को शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। मल्ला बेलुवाखान निवासी राधा देवी ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह मल्ला बेलुवाखान में अपनी तीन बेटियों व दो दिव्यांग भतीजियों के साथ रहती है। दो सप्ताह पूर्व उसकी एक भतीजी का निधन हो गया था। इसके बाद से उसके पड़ोसी उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। विरोध करने पर पड़ोसियों की ओर से उसके व उसकी बेटी के साथ मारपीट की। वहीं बीते मंगलवार को भी उसके दामाद के साथ भी मारपीट की है। उसके पूरे परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। महिला ने डीएम से गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

गौलापार की दीक्षा को मिला राज्यपाल पुरस्कार

हल्द्वानी : गौलापार निवासी दीक्षा दुम्का को राज्यपाल पुरस्कार मिला है। बीती 8-9 फरवरी को यूओयू में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का आयोजन हुआ था। एनआईटी श्रीनगर उत्तराखंड की शोधार्थी दीक्षा दुम्का को गणित के क्षेत्र में काम करने के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए चयनित किया था। उत्तराखंड के राज्यपाल ने उन्हें बुधवार को उन्हें सम्मानित किया। दीक्षा वर्तमान में गौलापार में रहती हैं। उनके पिता बीबी दुम्का एक व्यवसायी हैं और माता गीता दुम्का एक गृहणी हैं। उन्होंने अपनी सफलता के लिए डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. सुरेंद्र सिंह पडियार समेत सभी गुरुजनों का आभार जताया है।

शीशमहल में श्रीमद् भागवत कथा जारी

हल्द्वानी : शीशमहल स्थित संकटमोचन मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास पं. मनोज कृष्ण जोशी ने धर्म के चार युगों में चार पैरों के बारे में बताया। इससे पहले सुबह को पं. पंकज जोशी ने मुख्य यजमान डीडी शर्मा, पीसी कोठारी, प्रेमानंद पांडे व चंद्रशेखर जोशी से पूजा-अर्चना करवाई। इस मौके पर सुशील भट्ट, गिरीश चंद्र, उमेश चंद्र, विनोद, डीडी सुयाल, केवलानंद, बालकिशन, हयात सिंह, पीतांबर दत्त, पूनम जोशी आदि उपस्थित रहे।

सड़क के डामरीकरण को लेकर ज्ञापन देते सुराज सेवा दल के लोग।

खस्ताहाल सड़क बनी परेशानी का सबब

हल्द्वानी : नगर निगम के वार्ड 43 इलाके में स्थित रकसिया नाले के समीप लगती बिरला स्कूल तिराहे से संगम विहार फेस-1 तक करीब 1.5 किलोमीटर लिंक रोड विगत कई माह से खस्ताहाल बनी हुई है। बदहाल सड़क के चलते आमजनों से लेकर स्कूली बच्चों के सामने आने-जाने में दिक्कत बनी हुई है। इधर सड़क का डामरीकरण लंबे समय से नहीं होने के चलते सड़क में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इसके चलते आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बुधवार को सड़क की समस्या से जूझ रहे लोगों के हित में सुराज सेवा दल हल्द्वानी व वार्ड निवासियों ने नगर मजिस्ट्रेट को एक शिकायती पत्र देकर सड़क निर्माण की मांग उठाई।

सात जनवरी से लापता बुजुर्ग का शव मिला

भीमताल : सात जनवरी से लापता हुए एक बुजुर्ग का शव औद्योगिक घाटी में बरामद हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि हरीश पांडे (81) सात जनवरी से लापता थे। उनकी गुमशुदगी थाने में परिजनों ने दर्ज कराई थी। बताया कि बंद पड़ी ऊषा फैक्ट्री से हरीश पांडे का शव बरामद हुआ। बताया कि प्रथम दृष्टया फांसी लगाने का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

मास्टर ट्रेनर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को पढ़ाया चुनाव में आचार संहिता का पाठ

लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीपीजी कॉलेज सभागार में 400 अधिकारी-कर्मियों का हुआ प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को एमबीपीजी कॉलेज सभागार में दो पालियों में 400 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर अनीता आर्या ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में मॉनीटरिंग सेल मजबूत करने, आईटी मॉनीटरिंग सेल में सशक्त टीम को आईटी टूल्स में आने वाली समस्याओं के समाधान, एमसीएमसी कमेटी की ओर से किए जा रहे कामों के बारे में बताया गया। इसी के साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठों के नोडल अधिकारियों, मास्टर प्रशिक्षकों (डीईओ), (आरओ), (एआरओ), आयकर, आईटी से संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया। नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल/मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा ने बताया कि प्रत्याशी चुनाव में कितनी धनराशि व्यय कर सकता है। प्रत्याशी के व्यय का आकलन करने के बारे में भी टिप्स दिए गए। नैतिक चुनाव प्रबंधन के रूप में उम्मीदवार का अपराधिक इतिहास का पब्लिकेशन करना चाहिए और मतदाताओं को इसकी जानकारी होना आवश्यक है। प्रशिक्षण मे आचार संहिता के बारे में बताया गया और फ्लाइंग टीमों को अनिवार्य तौर से वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए गए। चुनाव में व्यय निगरानी प्रकोष्ठ की अहम जिम्मेदारी होती है इसके बारे में नोडल व्यय प्रकोष्ठ ने विस्तार से बताया। इस दौरान एमएनए विशाल मिश्रा, पीडी हिमांशु जोशी, कोषाधिकारी स्मिता जोशी, इंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

एमबीपीजी कॉलेज सभागार में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

डीएम 1 मार्च को लेंगी नोडल अधिकारियों की बैठक

हल्द्वानी : उप जिलानिर्वाचन अधिकारी/एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग कराए जाने के लिए प्रत्येक विधानसभा स्तर के कार्यालय में तैनात नोडल अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 1 मार्च को बैठक एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में होगी। उन्होंने सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

43 नोडल और सह नोडल नियुक्त किए गए

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल व सह नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। डीएम वंदना सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों को मिली हुई जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि जिनके सह नोडल नियुक्त नहीं हुए हैं, वे सह नोडल अधिकारी नियुक्त कर लें।

बच्ची की मौत के मामले में जांच समिति ने जुटाए तथ्य

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सर्पदंश से बच्ची की मौत के मामले में आठ साल बाद पुनः जांच शुरू हो गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की जांच समिति बेस अस्पताल पहुंची। जहां टीम ने बच्ची के माता-पिता से मामले में कई तथ्य जुटाये।

रामपुर रोड निवासी हजारी लाल की 16 वर्षीय पुत्री शीतल की 7 जुलाई 2016 को सांप ने डस लिया था। जिसके बाद वह बच्ची को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। जहां एंटीवेनम न होने के कारण उन्हें बेस अस्पताल भेज दिया गया।

लेकिन अस्पताल पहुंचने तक बच्ची ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजनों ने तत्कालीन एसडीएम और डीएम से शिकायत करते हुए एसटीएच के चिकित्सकों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। बताया कि जब वह बेटी को लेकर एसटीएच गए तो वहां डॉक्टरों ने इंजेक्शन और ग्लूकोज लगाकर छोड़ दिया। जबकि बेटी के मुंह से लगातार झाग निकलता रहा।

बुधवार को बेस अस्पताल पहुंचे शीतल की मां रामश्री मौर्य ने बताया कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनकी बच्ची की मौत हुई है। पूर्व में हुई मामले की जांच में डॉक्टरों की लापरवाही की बात सामने आई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। सच के साथ संगठन के सहयोग से उन्होंने मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में रखा। जिसके बाद पुनः जांच शुरू हुई है।

आयोग के निर्देश पर स्वास्थ्य निदेशक तारा आर्या की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने बेस अस्पताल पहुंचे शीतल के माता-पिता से कई तथ्य जुटाए। जिसकी रिपोर्ट जल्द आगे भेज दी जाएगी। जांच टीम में सीएमओ अल्मोड़ा डॉ. आरसी पंत, सीएमओ ऊधमसिंह नगर डॉ. मनोज शर्मा व मुख्य अधिकारी फार्मेसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ शामिल रहे।

जांच

- माता-पिता के साथ बेस अस्पताल पहुंची तीन सदस्यीय टीम
- आठ साल पहले सर्पदंश से हुई थी मौत, मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर शुरू हुई जांच

मामला सर्पदंश का है। बच्ची को एसटीएच से बेस रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आयोग के निर्देश पर जांच कमेटी ने तथ्य जुटाए हैं। जिसकी रिपोर्ट जल्द भेज दी जाएगी। - **डॉ. मनोज शर्मा**, जांच कमेटी सदस्य/सीएमओ ऊधमसिंह नगर

सड़क चौड़ीकरण पर 18 अप्रैल को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के सौंदर्यीकरण व सड़क चौड़ीकरण मामले में नैनीताल जिलाधिकारी को चार सप्ताह में व्यापारियों के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करने और फिर योजना बताने के निर्देश दिए हैं। अब इस प्रकरण में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी।

मामले के अनुसार हल्द्वानी की नया सवेरा सोसाइटी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण की कार्यवाही दिसंबर में हुई थी। हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण ठीक से नहीं किया जा रहा है। प्रशासन महज खानापूर्ति की जा रही है, इस वजह से मंगल पड़ाव और बस अड्डा में स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसकी वजह से हर जगह पर ट्रैफिक जाम रहता है। प्रशासन लापरवाह और भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है। अतिक्रमण के नाम पर कुछ लोगों को महज नोटिस जारी कर औपचारिकता की जा रही है। बुधवार को इस मामले में मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। सुनवाई में नैनीताल जिलाधिकारी वंदना सिंह पेश हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसको लेकर 66 व्यापारियों ने प्रार्थना पत्र सौंपे हैं, इनमें 23 पर सुनवाई हो गई है जबकि 43 पर सुनवाई बाकी है। इस पर कोर्ट ने तीन सप्ताह में बचे हुए व्यापारियों के साथ वार्ता कर समाधान निकालने को कहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी।

ऐड़ी देवता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर गरमपानी खैरना क्षेत्र में स्थित ऐड़ी देवता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां तेज हो गई है। थुवा के जंगल में बने ऐतिहासिक मंदिर में 4 को अखंड रामायण पाठ व 5 मार्च को भंडारा लगेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष दीवान सिंह ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर गरमपानी खैरना क्षेत्र में स्थित ऐड़ी देवता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां तेज हो गई है। थुवा के जंगल में बने ऐतिहासिक मंदिर में 4 को अखंड रामायण पाठ व 5 मार्च को भंडारा लगेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष दीवान सिंह ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अशोक अध्यक्ष, धर्म सिंह बने मंत्री

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से ब्लॉक इकाई के लिए अशोक कुमार अध्यक्ष चुने गए। जबकि धर्म सिंह मंत्री, सरफराज अंसारी उपाध्यक्ष, विनीत पांडे कोषाध्यक्ष और सोमपाल सिंह संयुक्त मंत्री के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसके अलावा पर्यवेक्षक का दायित्व मोहन सिंह बिष्ट और मनोज भंडारी ने निभाया।

दौरान भोपाल सिंह मनराल, आनंद सिंह नेगी, मोहम्मद इस्लाम, हेमा लोहनी, शोभा पाठक, राजवीर सिंह, रघुवीर सिंह बिष्ट, अशोक चौहान, ममता रानी, मंजू लता पांडे, पुष्पा पांडे एवं हंसी रावत आदि ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी है।

रामनगर में शपथ लेते नव निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया

गुरुनानक पब्लिक स्कूल में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ रामनगर द्वारा शिक्षक उन्नयन गोष्ठी में शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। गोष्ठी में खंड शिक्षा अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिला मंत्री शंकर दत्त पांडे ने अपने उद्बोधन में शिक्षा की योजनाएं ऑनलाइन करने के लिए शिक्षकों को आगे आने का आह्वान किया। मंच का संचालन घनश्याम पांडे ने किया। तत्पश्चात सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

बी बॉयज के नाम रही क्रिकेट चैंपियनशिप

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : रामगढ़ ब्लॉक के बैरोली स्थित खेल मैदान पर खेली जा रही क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला बी बॉयज बैरोली की टीम ने जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में व्यापार मंडल मोना चापड़ की टीम को करारी शिकस्त दी। गेंदबाजी व बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेता टीम के हेम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि व चमचमाती ट्रॉफी भेंट की।

बैरोली खेल मैदान पर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राकेश कपिल, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला जीना तथा पूर्व ग्राम प्रधान मोहन सिंह ने किया। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। फाइनल मुकाबले में व्यापार मंडल मोना चापड़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 18 ओवर में पूरी टीम 122 रन बनाकर आउट हो गई। बी बॉयज के रोशन ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन कर छह खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी बॉयज की टीम के रोहित के अर्धशतक की बदौलत चौदहवें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। रोशन ने भी 32 रन का योगदान दिया। रोशन को मैन ऑफ द मैच जबकि प्रीतम को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी

संवाददाता, हल्द्वानी/रामनगर

अमृत विचार: आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार बुधवार को भी जारी रहा। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर कार्यकत्रियों ने बुद्धपार्क में धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने बताया कि संगठन को सरकार ने 2 मार्च को वार्ता का आश्वासन दिया है। धरना-प्रदर्शन के दौरान दीपा सामंत, सीमा नेगी, धीरज गौड़, कमला पांडे, सोनी दरम्वाल, हंसा, पूजा पाठक, मुन्नी जोशी, गीता कन्याल, तुलसी, बीना जोशी, रंजना, हेमा बिष्ट, गीता अधिकारी, कला गर्ब्याल, जानकी शर्मा, पुष्पा नेगी, उषा भट्ट, ललिता दुर्गापाल आदि मौजूद रहीं। उधर, रामनगर में पूरे प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले डालकर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है।

बुद्ध पार्क में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

कुत्ते ने चार श्रमिकों को किया ज़ख्मी

गरमपानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर सुयालबाड़ी बाजार क्षेत्र में कुत्ते ने एक के बाद एक चार लोगों को जख्मी कर दिया। चारों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी पहुंचाया गया। मुख्य बाजार क्षेत्र में कुत्ते के चार लोगों को काटने से अफरा तफरी मच गई। व्यापारी व स्थानीय लोग खुद को बचाने के लिए इधर उधर भागे। हाइवे पर स्थित सुयालबाड़ी मुख्य बाजार में कुत्ते का बच्चा एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई। वाहन की चपेट में आकर कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से गुस्साए कुत्ते ने बाजार क्षेत्र में बबाल काटना शुरु कर दिया। हाइवे पर निर्माण कार्य में लगे नेपाल निवासी वीर बहादुर, डबल सिंह समेत चार श्रमिकों को कुत्ते ने जख्मी कर डाला। श्रमिकों के शरीर में दांत गड़ा डाले। चारों श्रमिकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी भिजवाया गया। कुत्ता बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को काटने भी दौड़ा बामुश्किल व्यापारियों ने जान बचाई।

हालात | पिछले साल पुरानी कंपनी से निगम ने तोड़ लिया था अनुबंध

अब देहरादून में अटका लीगेसी वेस्ट प्लांट का टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: हल्द्वानी के गौला रोखड़ में बने ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण की समस्या के समाधान के लिए लीगेसी वेस्ट प्लांट का टेंडर अभी रूका हुआ है। फाइल देहरादून भेजा गई है। देहरादून से स्वीकृति मिलने के बाद ही टेंडर खोले जाएंगे। मामला फिलहाल देहरादून में अटका हुआ है।

गौलापुल के पास बने ट्रंचिंग ग्राउंड में नैनीताल, भवाली, रामनगर और हल्द्वानी का कूड़ा डाला जाता है। यहां कूड़े के निस्तारण के लिए पूर्व में लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया था। नवंबर 2022 में कंपनी ने काम करना भी शुरू कर दिया था लेकिन बाद में कंपनी ने मानकों के अनुसार काम नहीं किया। पूर्व कंपनी के सही से काम नहीं करने की काफी शिकायतें नगर निगम के पास पहुंची।

नगर निगम ने उस कंपनी को कई बार नोटिस भी दिया था। नगर निगम ने पिछले साल कंपनी के साथ अनुबंध तोड़ लिया। इसके बाद नए सिरे से ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण के लिए लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू करने के लिए टेंडर डलवाए गए। पहले दिसंबर में ही टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने की योजना थी लेकिन फरवरी अंत तक भी फाइल देहरादून ही पहुंची है है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार वहां से स्वीकृति मिलने के बाद ही टेंडर खोला जाएगा। तब जाकर पता चलेगा कि किस कंपनी को टेंडर मिला है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के प्रयासों से स्वच्छता रैंकिंग में नगर निगम ने 71 अंकों का उछाल लिया और पूरे देश में 211वां नंबर हासिल किया। अगर नगर निगम ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण की समस्या को सुलझा लेता है तो उसे और भी बेहतर अंक मिलने की संभावना है।

गौलापार में स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा प्रकरण की वजह से अटक गया काम

जब दिसंबर में भी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई तो नगर निगम ने तय किया था कि फरवरी में लीगेसी वेस्ट प्लांट की टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा लेकिन बनभूलपुरा प्रकरण के बाद काम रूक गया। नगर निगम को बनभूलपुरा प्रकरण में करोड़ों रुपये की हानि हुई। अब नगर निगम फिर से टेंडर प्रक्रिया को तेज करने में जुट गया है।

लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की टेंडर प्रक्रिया के लिए फाइल देहरादून गई है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर खोल दिए जाएंगे। -**डॉ. मनोज कांडपाल**, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, हल्द्वानी

ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े का लगा रहता है ढेर

ट्रंचिंग ग्राउंड में रोजाना 400 मीट्रिक टन कचरा पहुंचता है। यहां कूड़े के पहाड़ तक बनने लगे थे। कूड़ा सड़क तक पहुंच रहा था। जिस वजह से लोगों को दिक्कत हो रही थी। कूड़े के ढेर में आग भी लगती रहती है। जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता रहता है। इससे आसपास के लोग परेशान हैं।

पशुपालकों को नहीं मिली बीमा राशि

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पशुपालक अपने पशुओं का बीमा इसलिए करते हैं, ताकि उनकी मृत्यु के बाद उन्हें तत्काल पैसे मिल जाएं, जिससे वे नए पशु खरीद सकें लेकिन राज्य में पशु बीमा कर रही कंपनी ने सालों से सैकड़ों पशुपालकों को बीमे की रकम ही नहीं दी है। इससे किसान नाराज व परेशान हैं।

खोला बाजार, चोरगलिया के केशव भट्ट की अगस्त, 2022 में गाय मर गई लेकिन उन्होंने इसका बीमा करवाया था। उन्होंने सोचा की बीमे की रकम मिलने पर वह तुरंत नई गाय खरीद लेंगे लेकिन आज तक उन्हें यह रकम नहीं मिल पाई है। इसी तरह खोला बाजार, चोरगलिया की दीपा देवी की भी गाय नवंबर, 2022 में मर गई थी तो बीमा कंपनी के कर्मचारी उनके घर आए और उन्हें जल्द करीब 30 हजार रुपये मिलने की बात कह गए लेकिन आज तक उन्हें बीमे की राशि नहीं मिल पाई है।

जिले में ऐसे दर्जनों पशुपालक हैं, जो सालों से बीमा कंपनी के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन वहां से उन्हें हर बार सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीमे का क्लेम न मिलने को लेकर पशुपालकों की लगातार शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि कुमाऊं के 6 जिलों के 630 से ज्यादा पशुपालकों को सालों से अब तक बीमे की राशि नहीं मिल पाई है। कहा कि बकाया राशि में देरी होने पर कंपनी पशुपालकों को उसका ब्याज भी नहीं देती है।

दीपा देवी।

केशव भट्ट।

पशुधन विकास बोर्ड ने बीमा कंपनी के साथ अनुबंध किया है लेकिन पशुपालकों की शिकायतें बढ़ने पर बोर्ड को इसकी सूचना दी गई है। -**डॉ. एसबी पांडे**, निदेशक, पशुपालन विभाग

जीवित काली रंग की, मृत सफेद हो गई

विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के अधिकारी बीमा दावों की संख्या ज्यादा होने से नुकसान की बात करते हैं लेकिन इस योजना में 30 प्रतिशत पशुपालन व 70 प्रतिशत का भुगतान सरकार करती है। इधर, कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में फर्जीवाड़े की भी शिकायतें मिली हैं। उनका कहना है कि एक मामले में इंश्योरेंस के समय गाय का रंग काला था लेकिन मृत्यु के समय उसका रंग सफेद हो गया।

सार संक्षेप

सफाई कर्मियों को मुआवजा देने की मांग

हल्द्वानी : भीम पॉवर दलित उत्थान सामाजिक संगठन ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि बनभूलपुरा कांड में घायल हुए कर्मचारियों को उचित मुआवजा दिया जाए। सफाई कर्मचारियों के काम की समय सीमा तय की जाए। जूते पॉलिश और मरम्मत करने के लिए अलग से बाजार बनाई जाए। इस दौरान, धरमवीर शासक, प्रदीप पंवार, प्रदीप, लक्ष्मी नारायण आदि रहे।

ईपीएस राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने उठाईं समस्याएं

ईपीएस राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक भोटिया पड़ाव में आयोजित की गयी। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने 7500 प्लस डीए, न्यूनतम पेंशन और परिवार को मिलने वाली मेडिकल सुविधा देने की मांग की। समिति के प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोभाल ने बताया कि पूर्व में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर समिति की हाई लेवल कमेटी से दो बार बात हो गई है फिर भी कोई नतीजा नहीं निकला है। बैठक में एफसीआई, वन निगम, सेंचुरी पेपर मिल, परिवहन निगम के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर गणेश मेलकानी, पान सिंह नेगी, मनोज वर्मा, मधुसूदन लोहा, महेश कांडपाल आदि मौजूद रहे।

खुटानी में प्रसाधन केंद्र खुलने की संभावना बढ़ी

खुटानी में प्रसाधन केंद्र को खोलने के लिए भूमि चयनित करते अधिकारी।

भीमताल : वार्ड संख्या एक के खुटानी क्षेत्र में प्रसाधन केंद्र के खुलने की संभावना बढ़ गई है। राजस्व विभाग और नगर पंचायत विभाग के अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भूमि की संभावना तलाशी। मालूम हो कि भीमताल से पद्मपुरी और पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले अधिकांश वाहन खुटानी में रुकते हैं। इसके कारण राहगीर भी यहां वाहनों का इंतजार करते हैं। पर शौचालय प्रसाधन केन्द्र नहीं होने के कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रसाधन केंद्र खोलने की कवायद प्रारंभ की गई है। भूमि निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक राकेश कठैत, अवर अभियंता नगर पालिका महेन्द्र धौनी, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी आदि मौजूद रहे।

मां नयना देवी व्यापार मंडल ने किया एसपी का स्वागत

पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह को पुष्पगुच्छ देते पदाधिकारी।

नैनीताल : मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के शिष्टमंडल ने बुधवार को पुलिस लाइन में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक एवं क्राइम हरवंश सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरवंश सिंह से पर्यटक सीजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान शिष्टमंडल में कोषाध्यक्ष अमरप्रीत सिंह, सचिव शिव शंकर मजूमदार आदि मौजूद रहे। उधर, एसपी हरबंश सिंह ने मल्लीताल कोतवाली, तल्लीताल थाना व ज्योलीकोट चौकी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, मैस व साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दिव्यांग बच्चों को दया की नहीं, प्रोत्साहन की जरूरत

दिव्यांग बच्चों को उपकरण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

रामनगर : दिव्यांग बच्चों को दया की नही बल्कि उनको प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विशेष श्रेणी में आने वाले इन बच्चो को यदि प्रोत्साहन दिया जाए तो वह भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने यहां ब्लॉक संसाधन केंद्र पीरुमदारा में आयोजित दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में कही। जिला परियोजना समन्वयक मदन मोहन जोशी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी के संचालन में आयोजित इस शिविर में पूर्व में चिन्नाकित 12 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर कैलीपर्स हियरिंग एड आदि सहायता उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा नैनीताल एमएम जोशी, कमलकांत पांडे, रश्मि जोशी, दिनेश मनराल, शिव ओम अग्रवाल, नीलम सिंह, अमित कुमार, अब्दुल कलाम, ललिता देवी, हेमंत सत्यवाली, जगदंबा सती, धर्म सिंह उपस्थित रहे।

शिक्षक ने बच्चों को दिया पुस्तकालय का तोहफा

पुस्तकों के साथ स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

रामनगर : राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के शिक्षक नवेंदु मठपाल ने अपने 54 वें जन्मदिन पर बच्चों के लिए पुस्तकालय खोलकर एक नई शुरुआत की। रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड द्वारा आर्थिक, सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए पुछड़ी और पटरानी में जनसहयोग से निशुल्क सांयकालीन स्कूल संचालित किए जाते हैं। पुछड़ी सायंकालीन स्कूल में ही मठपाल द्वारा अपने जन्मदिन पर स्वयं से पांच हजार रुपये का बालोपयोगी साहित्य खरीदकर एक पुस्तकालय की स्थापना की गई है। इस मौके पर सुजल कुमार, दिव्या आर्या, नंदराम आर्य, सुभाष गोला, बालकृष्ण चंद, अरमान आदि मौजूद रहे।

आंचल ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

नैनीताल : असम गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया विश्वविद्यालय बॉक्सिंग इवेंट में कुमाऊं विश्वविद्यालय की छात्रा आंचल शुक्ला ने 45 से 48 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कांस्य पदक जीतकर कुमाऊं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि असम गुवाहाटी में चल रहे खेलो इंडिया में बॉक्सिंग की छात्रा ने अपने प्रथम मुकाबले में भगत सिंह फुल विश्वविद्यालय पंजाब को पराजित किया तथा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुरुक्षेत्र हरियाणा को पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की।

विज्ञान दिवस पर बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, हल्द्वानी/हल्दूचौड़

अमृत विचार: डहरिया स्थित आनंदा एकेडमी में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने विज्ञान से जुड़े मॉडल बनाए।

बुधवार को आनंदा एकेडमी में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर हर्शिल भनवाल, द्वितीय स्थान पर काजल और मानवी रहे। तृतीय स्थान पर आयुषी एवं नंदिनी रहे। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर अरहान, द्वितीय स्थान पर हर्ष एवं खुश जोशी और तृतीय स्थान पर वागीशा एवं अंकिता रहे। तमन्ना सनवाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक भूपेंद्र सिंह बिष्ट, निर्देशिका दीक्षा बिष्ट, प्रधानाचार्या माया बिष्ट, शिक्षक दीपक नाथ, दीपा पांडे, जयश्री नेगी, निशा मेहरा आदि रहे।

इंद्रा एकेडमी में अपने मॉडलों के बारे में जानकारी देते बाल वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में वनस्पति विज्ञान विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में गायत्री खबड़वाल प्रथम, गार्गी पांडे द्वितीय, सविता पांडे तृतीय स्थान पर रहीं। सविता पांडे को सांत्वना पुरस्कार मिला। निबंध प्रतियोगिता में प्रगति बेलवाल प्रथम, भावना पाठक द्वितीय और रेशमा पंडित ने तृतीय पुरस्कार जीता। वाद-विवाद प्रतियोगिता में नंदिनी शर्मा ने प्रथम, किरन मौर्या ने द्वितीय और श्वेता जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुंजन बिष्ट प्रथम, किरन मार्या द्वितीय और प्रगति बेलवाल तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। निर्णायक मंडल में डॉ. हेमलता धर्मशक्तू, डॉ. विद्या, डॉ. राजेश चौनवाल निर्णायक मंडल में शामिल थे।

एमबीपीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। पोस्टर, एक्टेंपोर प्रतियोगिता, वन पेज लेखन, भाषण प्रतियोगिता हुई।

प्राचार्य एनएस बनकोटी ने विज्ञान को बढ़ावा दिए जाने की बात कही। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रथम स्थान पर चेतन कुमार, द्वितीय स्थान पर सचिन कुमार तथा तृतीय स्थान पर कार्तिक राय रहे। एक्टेंपोर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्ष पाठक, द्वितीय स्थान चेतन कुमार और तृतीय स्थान सौरभ जोशी को प्राप्त हुआ। वन पेज राइटिंग ऑन द टॉपिक आई लव फिजिक्स के विजेता दिव्यांशी कुलियाल रहे। लेख प्रतियोगिता में प्रदीप पांडे प्रथम रहे। भाषण प्रतियोगिता में कनक तिवारी को प्रथम स्थान मिला। इस दौरान डॉ. नवल किशोर लोहनी, सौरभ जोशी, टीसी पांडे, प्रेम प्रकाश आदि रहे।

हल्दूचौड़ के दुमकाबंगर उमापति गांव में स्थित इंद्रा एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में बुधवार को एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक उमाशंकर जोशी ने किया। प्रधानाचार्या कमला जोशी, अध्यापिका कुसुम दुम्का, आशा पंवार, रितेश दुम्का, गिरधर सत्यबोला, पूरन उप्रेती, जैनेंद्र जोशी, पूरन बिष्ट मौजूद रहे।

कार्बेट में अब फिर होगी जलीय जीवों की गणना

रामनगर : कार्बेट पार्क में जलीय जीवों की गणना फिर से शुरू किए जाने की बात सामने आई है। अब पहले की गई गणना और नई गणना के आधार पर ही जलीय जीवों का औसतन आधिकारिक आंकड़ा निकाला जाएगा। यदि मौसम ने साथ दिया और चटक धूप निकली तो एक हफ्ते बाद होने वाली गणना में रामगंगा और सोना नदी क्षेत्र को भी इसमें शामिल करने का अंदेशा है।

कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. धीरज पांडे का कहना है कि बीते फरवरी में 15, 16, 17 फरवरी में मगरमच्छ, घड़ियाल और ऊदबिलाव की गिनती की गई थी। मगर आसमान में बादल छाए रहने व सर्दी की वजह से सटीक गणना नहीं हो सकी। डॉ पांडे ने बताया कि जलीय जीव धूप निकलने पर ही पानी में ऊपर आते हैं जिससे उनकी गिनती में आसानी होती है। अब अगले हफ्ते साफ मौसम के दौरान सीटीआर के वन कर्मियों को इस काम में लगाया जाएगा।

2051 तक 10 लाख लोगों को पेयजल देगा जमरानी

पहल

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने दी विकास कार्यों की जानकारी
- आचार संहिता से पहले शुरू होगी काठगोदाम-अमृतसर ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जल्द ही जमरानी बांध अस्तित्व में आ जाएगा और 2051 तक ये बांध साढ़े 10 लाख से अधिक लोगों तक पेयजल पहुंचाने लगेगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने ऐसी ही कई योजनाओं की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया, नैनीताल में गौला नदी पर जमरानी बांध परियोजना के अवशेष कार्यों के लिए मंत्रीमंडल ने 3678.23 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। पिछले साल अक्टूबर में पीएमकेएसवाई एआईबीपी योजना के तहत केंद्रीय सहायता 1557.18 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। शेष धनराशि एमओयू के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा 689.00 करोड़ और 1432.00 करोड़ रुपये उत्तराखंड राज्य आगामी 05 वर्षों में वहन करेगी। फरवरी 2024 में नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की स्टैंडिंग कमेटी ने एनओसी प्रदान की। अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग उच्चीकरण, अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए 45 करोड़ की निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। 27 फरवरी को मुख्य बांध के निर्माण कार्य के लिए 2388 करोड़ की निविदा भी आमंत्रित की गई है। परियोजना से हल्द्वानी की वर्तमान जनसंख्या लगभग 4.80 लाख व वर्ष 2051 तक 10.51 लाख की आबादी को वार्षिक 42.70 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हल्द्वानी नैनीताल रोपवे में कार्य शीघ्र शुरू होगा। हल्द्वानी में 9 करोड़ से कैथ लैब की स्थापना होगी। काठगोदाम अमृतसर ट्रेन को अचार संहिता से पहले आरम्भ किया जाएगा और काठगोदाम स्टेशन का 24 करोड़ से आधुनिकीकरण किया जाएगा।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सिख बंधुओं व कार्यकर्ताओं ने किया भट्ट का स्वागत

हल्द्वानी : बेलबाबा स्थित गुरुद्वारे और भाजपा कार्यालय में सिख बंधुओ ने केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री और सांसद अजय भट्ट का स्वागत किया। लोगों ने लालकुआं से अमृतसर के लिए रेल संचालन को हरी झंडी दिए जाने पर भट्ट का आभार जताया। भट्ट का स्वागत करने आए लोगों ने कहा कि सदन से लेकर रेल मंत्रालय तक लगातार उनके पैरवी किए जाने के बाद रेल मंत्रालय ने लालकुआं से अमृतसर के लिए रेल संचालन को मंजूरी दे दी है।

दो दिन में 5 हजार पशुओं को लगा टीका

हल्द्वानी : पशुओं को होने वाले खुरपका व मुंहपका रोग के रोकथाम के लिए जिले में टीकाकरण अभियान जारी है। पशुपालन विभाग की टीमों ने कई गांवों में बुधवार को भी पशुओं का टीकाकरण किया। जिले के मुख्य पशु चिकित्सक डीसी जोशी ने बताया कि मंगलवार से पूरे प्रदेश में एक साथ शुरू हुई टीकाकरण अभियान में नैनीताल जिले में अब तक लगभग 5000 पशुओं को एफएमडी एवं एलएसडी टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक माह तक चलेगा। कहा कि पशुओं में होने वाला खुरपका मुंहपका रोग काफी खतरनाक है। अगर समय पर समाधान न किया जाए तो इससे पशु की मौत भी हो सकती है। इस रोग के कारण पशुओं के गले में धीरे-धीरे सूजन हो जाती है।

पेयजल बिलों में वृद्धि से भड़के भाजपा नगर अध्यक्ष

जलसंस्थान के जेई से नाराजगी जताते भाजपा नगर अध्यक्ष। ● अमृत विचार

रामनगर। पेयजल बिलों में वृद्धि किए जाने से भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी विभागीय अधिकारियों पर भड़क उठे। उनके साथ जल संस्थान गए प्रतिनिधि मंडल ने शहर के जेई गौरव आर्या से वार्ता कर अपनी नाराजगी जताई। पूर्व सचिव छात्र संघ नवीन सुनेजा ने कहा कि रामनगर का पेयजल विभाग परिवहन विभाग की तर्ज पर कार्य कर रहा है। उसके द्वारा घरों के सदस्यों की गिनती कर बिलो में वृद्धि की आ रही है जो कि जनहित में नहीं है। चेतावनी दी कि जल्द ही पेयजल विभाग का घेराव किया जाएगा। इस दौरान नवीन सुनेजा पूर्व सचिव छात्र संघ, कुबेर कडाकोटी, आशीष ठाकुर, भावना भट्ट, पूजा देवी, जयंती रावत आदि आदि मौजूद रहे।

कल्पना चैंपियन तो लीला निष्ठा ने भी दिखाया दम

हल्द्वानी, अमृत विचार : महिला महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत रस्सी कूद, दौड़, रिले रेस आदि खेलों का आयोजन हुआ।

21वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन 100 मीटर रस्सी कूद दौड़ से प्रतियोगिता आरंभ हुई, जिसमें लीला नयाल, माया बिष्ट, बरखा मेहता क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर की दौड़ में कल्पना बिष्ट ने प्रथम, निष्ठा आर्या ने द्वितीय और रश्मि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में निष्ठा आर्या प्रथम, लीला नयाल द्वितीय, टीना तृतीय स्थान पर रहीं। रिले रेस में कल्पना बिष्ट एंड ग्रुप ने प्रथम, उमा सम्मल एंड ग्रुप ने द्वितीय और करीना बिष्ट एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर की रेस में कल्पना बिष्ट प्रथम, भावना कश्यप द्वितीय, बरखा मेहता तृतीय स्थान पर रहीं। सर्वाधिक 23 अंक प्राप्त कर कल्पना बिष्ट चैंपियन बनीं। कल्पना ने 1500 और 200 मीटर रेस जीत जीतने के साथ ही रिले रेस में भी दमखम दिखाया। माया बिष्ट रनर-अप रही। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने पुरस्कार दिए।

पूर्व क्षेत्रीय आयुक्त पांडे की किताब का विमोचन

किताब का विमोचन करते ईपीएफ के पूर्व क्षेत्रीय आयुक्त महेश चंद्र पांडे व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईपीएफ के पूर्व क्षेत्रीय आयुक्त महेश चंद्र पांडे ने जीवन के अनुभव किताब का विमोचन हुआ। इस किताब में पांडे ने जीवन के उन तमाम पहलुओं को रेखांकित किया गया है, जो किसी न किसी रूप में जिंदगी प्रभावित करती हैं या जुड़ी हुई हैं। पुस्तक में रामचरित मानस की चौपाइयों के भाव को भी सरल व सहज ढंग से समझाया गया है। पुस्तक में संतों और विद्वानों के भाषण के सार को बेहद आकर्षक ढंग से संग्रहित किया गया है।

लेखक ने गुरु, माता-पिता, परिवार, भगवान, सत्संग, मृत्यु जीवन, भोग-त्याग, रिश्ते-नाते, प्रेम, नारी, संगीत आदि की महत्ता को रेखांकित किया है। इसका विमोचन लेखक महेश चंद्र पांडे के बेटे चंद्रेश और बहू चेतना के वैवाहिक समारोह में किया।

बुजुर्ग महिला की शिकायत का मंडलायुक्त ने लिया संज्ञान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मल्लीताल वसी फुटवियर भवन में किराए पर रह रही 66 वर्षीय दीपा भट्ट की शिकायत पर मंडलायुक्त ने संज्ञान लिया है।

महिला ने मंडलायुक्त दीपक रावत से शिकायत की थी कि वह बेंगलुरु में निवासरत अपनी बेटी से मिलने गई थी, लेकिन जब वह बेंगलुरु से वापस आई तो उसने देखा कि मकान मालिक मोहम्मद आशिम सिद्दीकी ने घर के दोनों दरवाजे बंद कर लिए हैं, जिसकी वजह से बुजुर्ग महिला को सारी रात बाहर गुजारनी पड़ी। दीपक रावत ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर मकान मालिक की इस हरकत पर मकान मालिक को कड़ी फटकार लगाई। दीपक रावत ने उपनिरीक्षक मल्लीताल दीपक बिष्ट को संबंधित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जनपद में अंतर्गत इस प्रकार की घटनाएं होती हैं तो उनका प्राथमिकता से संज्ञान लिया जाए। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, प्राधिकरण जेई हेम उपाध्याय मौजूद रहे।

मौके का निरीक्षण करते मंडलायुक्त।

उत्साह दो दिवसीय आम्रपाली कार्निवाल का समापन

रंगारंग कार्यक्रमों ने मचाई धूम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आम्रपाली विश्वविद्यालय लामाचौड़ में 25वां स्थापना दिवस समारोह स्पंदन मनाया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत 27 फरवरी से हुई। 28 फरवरी को कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्निवाल में लकी ड्रा कूपन रखे गए। जिसमें शिव कुमार सिंह को स्कूटी मिली। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजय ढींगरा ने कहा कि 97 विद्यार्थियों और तीन कोर्स के साथ संस्थान शुरू किया गया था। अब 3000 से अधिक विद्यार्थी यहां पढ़ते हैं। मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आम्रपाली संस्थान का महत्तवपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्सव, सामंजस्य और संस्कृति के रंग बिखेर दिए। मंच पर राम स्तुति, गढ़वाली, कुमाऊंनी गीत, दक्षिण भारतीय गीत, शिव तांडव आदि के साथ प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही बॉलीवुड के गायक ऐस किंग ने मेरी तुम हो, मेहरबान, ठुमकेश्वरी, बारिश आदि गीतों की प्रस्तुतियां दीं। गायिका काव्या लिमई ने तेरी आंखें, ऐसा लगता है आदि गीत सुनाए। संस्थान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने कहा कि आम्रपाली आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में काम करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रथम दिन संस्थान में कार्निवाल का आयोजन किया गया था। जिसमें संस्थान के छात्रों ने विभिन्न स्टॉल लगाए थे। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष चानन लाल ढींगरा, कुलसचिव डॉ. पंकज शाह, सचिव नरेंद्र ढींगरा, कोषाध्यक्ष बिंदु चावला, डॉ. एसके सिंह, प्रो. एमके पांडेय, प्रो. रवि शंकर प्रसाद, दीप चंद्र ओली, डॉ. अभिजीत ओझा आदि मौजूद रहे।

आम्रपाली इंस्टीट्यूट के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट को स्मृति चिन्ह देते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

लालकुआं-अमृतसर रेल सेवा शुरू होने पर भट्ट का स्वागत

रुद्रपुर। लालकुआं से अमृतसर तक रेल सेवा शुरू होने पर सिख समाज के लोगों, स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। बुधवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने आम जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि सदन से लेकर रेल मंत्रालय तक जनता की मांग पर उनके द्वारा काठगोदाम से अमृतसर के लिए रेल संचालन के लिए पैरवी की गई थी। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दे दी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी का आभार जताया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव नामधारी, लकी खरबंदा, हरजी खरबंदा, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, विपिन जल्होत्रा, राजीव चौधरी, अमन सिंह विर्क, करनेल सिंह, अनमोल विर्क, मोहित चड्ढा, संदीप बाजवा, लक्ष्मण खाती, देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

इमलीघाट के पास जंगल में मिला बाघ का शव

शांतिपुरी। यहां इमलीघाट के पास जंगल में बाघ का शव बरामद हुआ है। वन विभाग प्रथम दृष्टया बाघ की मौत का कारण आपसी संघर्ष अथवा एक्सिडेंटल केस मान रहा है। जबकि वास्तविक कारणों का पता शव के पोस्टमार्टम के बाद ही लगेगा। करीब दस दिन पहले भी बौड़खत्ता के जंगल में लेंम्पर्ट का मृत शव मिला था। बीते मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को इमलीघाट के कोटखर्रा सेक्टर में गोला नदी से करीब आधा किलोमीटर अंदर बौड़खत्ता मार्ग के किनारे बाघ का शव दिखाई दिया। जिसे इमलीघाट वन चौकी में लाकर रखा गया है। मृत बाघ के सिर में चोट के निशान और पैर में हल्की खरोंचें हैं। हालांकि उसके सभी अंग सुरक्षित हैं। बाघ की उम्र करीब 7 वर्ष बताई जा रही है। बाघ के शव का पीएम कराने के लिए वन विभाग की टीम इमलीघाट वन चौकी पर वाइल्ड लाइफ व पशु चिकित्सा टीम का इंतजार कर रही है। करीब दस दिन पहले भी इसी बौड़खत्ता के जंगल में तेंदुए का शव बरामद हुआ था।

वंचित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की मांग

शांतिपुरी। उत्तराखंड क्रांतिदल के जिलाध्यक्ष एमसी पाण्डेय के नेतृत्व में जवाहरनगर, शांतिपुरी क्षेत्र में वंचित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की मांग को लेकर संपर्क अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष पाण्डे ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय रहे कई आंदोलनकारी चिन्हीकरण से वंचित रह गए। कहा कि वंचित आंदोलनकारियों की सूची तैयार कर प्रशासन को प्रेषित की जाएगी। संपर्क अभियान में आंदोलनकारियों ने कहा कि जो लोग राज्य आंदोलन में प्रमुख रहे जिनके नेतृत्व में आंदोलन हुए उन्हीं को आंदोलनकारी नहीं बनाया गया। आंदोलन के प्रमुख रहे जवाहरनगर निवासी दिवान सिंह बिष्ट ने कहा कि आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण गलत तरीके से किया गया। संपर्क अभियान में आनंद सिंह असगोला, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी, नरेश जोशी, इन्दिरा देवी, हयात सिंह, बिरेन्दर सिंह कोरंगा, चंचल सिंह, खुशाल सिंह कोरंगा रहे।

श्रीराम संस्थान के छात्रों ने लहराया परचम

काशीपुर। कुमाऊं विवि ने बीबीए व बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। जिसमें श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। बीबीए प्रथम सेमेस्टर में भूमिका दानू ने 82.57 प्रतिशत तथा बीसीए प्रथम सेमेस्टर में अनीशा आर्या ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. योग राज सिंह ने छात्रों को बधाई दी है।

हवन-यज्ञ के साथ हनुमान चालीसा पाठ का समापन

बाजपुर। नगर के मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर पर पिछले 41 दिन से चल रहे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व मंत्र जाप के समापन पर हवन-यज्ञ किय गया। इस दौरान विश्व कल्याण की कामना की गई। हवन पं. उमेश शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। 41 दिन में 'ऊँ हनु हनुमंते नमः' मंत्र का सवा लाख बार जाप किया गया। इस मौके पर पं. उमेश शर्मा, मुख्य सेवादार कुलदीप सैनी, हरी सिंह यादव, रवि सरना, नन्हें आदि रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किसानों ने सीएम को भेजा मांगों से संबंधित ज्ञापन

जसपुर। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि 2021 में केंद्र सरकार व किसानों के बीच जो समझौता हुआ था, उसका पालन किया जाए। किसानों के ट्यूबवेलों के बिल माफ करने, अन्य प्रदेशों की भांति घरेलू बिजली 300 यूनिट तक फ्री देने की मांग की। किसानों ने गेहूं की तौल की उचित व्यवस्था करने, 60 वर्ष से ऊपर के किसानों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने, भोगपुर व तुमरिया डाम के नहरों की सफाई करने तथा आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर भाकियू वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, ब्लाक अध्यक्ष जगीर सिंह, युवा भाकियू ब्लाक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह, शीतल सिंह, चौधरी किशन सिंह, संजीव चौधरी, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

नाली व सड़क की मांग को लेकर मुखर हुईं महिलाएं

वार्ड-25 आनंद विहार की महिलाओं ने नगर निगम पहुंचकर एमएनए को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

रुद्रपुर में नगर निगम में ज्ञापन लेकर पहुंची वार्ड-25 आनंद विहार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

आक्रोश

▸▸ वार्ड में बिजली संबंधी समस्या को भी दूर करने की मांग उठाई

अमृत विचार: वार्ड-25 आनंद विहार में सड़क, पानी की निकासी एवं नाली निर्माण की मांग को लेकर कॉलोनी की महिलाएं मुखर हो गई और बच्चों के साथ नगर निगम पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने एमएनए को ज्ञापन देकर सड़क व बिजली की समस्या दूर करने की मांग की। आगाह किया कि यदि जल्द मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं का कहना था कि ट्रांजिट कैंप के वार्ड-25 आनंद विहार कॉलोनी में 150 से अधिक परिवार रहते हैं, लेकिन नाली, सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर आने से जलभराव की समस्या बनी रहती है और जर्जर सड़क होने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आरोप था कि कई बार जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने एमएनए को ज्ञापन देकर सड़क व नाली निर्माण किए जाने की मांग की। इस अवसर पर गीता नेगी, चित्रा देवी, जगदेवी, प्रेमा देवी, हेमा भट्ट, सविता देवी, रामेश्वरी देवी, मोनिका सिंह, रचना राठौर, भावना जोशी, प्रियंका वर्मा, रीता पाडेय, नीतू देवी, रेखा सुयाल, ममता देवी, रीना चौहान, सीमा देवी आदि मौजूद रही।

गांधी पार्क में प्रदर्शन करते पंजीकृत टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

अवैध टैक्सी चालकों के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शहर से नियम विरुद्ध चल रहे टैक्सी चालकों के खिलाफ पंजीकृत प्राइवेट टैक्सी चालकों में आक्रोश है। विरोध में टैक्सी चालकों ने गांधी पार्क में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने एआरटीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

बुधवार को चालकों का कहना था कि सभी चालक पंजीकृत टैक्सी चालक हैं और नियमानुसार टैक्स भी अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर चालकों के अपने निजी वाहन हैं और किसी भी प्रकार का टैक्स अदा नहीं करते हैं। आरोप था कि संचालित वाहनों के चालक पंजीकृत भी नहीं है। बावजूद धड़ल्ले से वाहनों का संचालन कर रहे हैं। आरोप था कि प्राइवेट वाहनों के चालक अपने वाहनों को गांधी पार्क में खड़ी करते हैं और अनधिकृत तरीके से सवारियां ढो रहे हैं। विरोध किया जाता है तो डराया व धमकाया जाता है। इससे वाहन चालकों के सामने रोजी रोटी का संकट गहराने लगा है। इस अवसर पर हरजीत सिंह, मनोज कुमार, राम चरन, दीप चंद्र, गजेंद्र रस्तोगी, रोहित कुमार, अमित वर्मा, अमन कुमार, सुखविंदर सिंह, पंकज साहनी आदि मौजूद रहे।

नोटिस के बाद व्यापारियों ने हटाने शुरू किये अतिक्रमण

सख्ती

▸▸ काशीपुर बाईपास रोड में 300 लोगों को मिला है नोटिस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिविल लाइन, डॉक्टर कालोनी, काशीपुर बाईपास रोड में अतिक्रमण की जद में आये 300 दुकानदारों ने नगर निगम के नोटिस के बाद खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।

हालांकि नोटिस आने के बाद से दुकानदारों में काफी आक्रोश भी व्याप्त है। इसको लेकर विगत दिवस व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शिव अरोरा से मुलाकात कर और मदद की गुहार लगायी थी। बुधवार को सिविल लाइन, डॉक्टर कालोनी, काशीपुर बाईपास रोड के व्यापारियों का कहना था कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वर्ष 2019 में मुख्य बाजार क्षेत्र में चिन्हित अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। एक बार फिर याचिकाकर्ता कि रिट को संज्ञान में लेते हुए उच्च न्यायालय ने दोबारा 300 दुकानों को अतिक्रमण में चिन्हित किया है। इसके बाद विगत दिनों नगर निगम ने सभी दुकानदारों को नोटिस थमाया है।

काशीपुर बाईपास रोड से अतिक्रमण हटाते दुकानदार। ● अमृत विचार

मजदूरों, कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ नहीं: वेद

काशीपुर। हिन्द मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश विद्यार्थी भैया ने कहा कि उत्तराखंड सरकार के बजट में मजदूरों व कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं मिला है।

बुधवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विद्यार्थी भैया ने कहा कि मजदूरों व कर्मचारियों के साथ जुल्म हो रहे हैं। कोई देखने वाला नहीं है। क्षेत्र के प्रतिनिधि भी मजदूरों व कर्मचारियों के मध्य नहीं जाते हैं। बजट में एक मजदूर कल्याण कोष होना चाहिए। जिससे मजदूरों व कर्मचारियों का भला हो सके। 13 नवंबर 2013 से काशीपुर चीनी मिल बंद पड़ी है। किसी नेता ने उनके भुगतान के लिए कुछ नहीं किया। 75 कर्मचारी भूख व बिमारी के कारण मर गये। 42 करोड़ रुपए आज तक नहीं मिला। बच्चों की पढ़ाई तथा शादी की परेशानी हो रही है। अगर मजदूर कल्याण कोष होता तो यह काम आ सकता था।

बजट में बीमा के प्रावधान से पर्यावरण मित्रों में खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पर्यावरण मित्रों को जीवन बीमा की सौगात दी है। इसके लिए शहरी विकास विभाग ने बीमा योजना के लिए 88 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इससे पर्यावरण मित्रों में खुशी का माहौल है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर नगर निगम में करीब 360 पर्यावरण मित्र कार्यरत हैं। इसमें कई पर्यावरण मित्र स्थायी हैं तो कई अस्थाई पदों पर तैनात हैं। जो पिछले लम्बे समय से नगर निगम में शहर की साफ-सफाई करने का मोर्चा संभाल रहे हैं। पर्यावरण मित्रों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने बजट में पर्यावरण मित्रों का जीवन बीमा कराने का निर्णय लिया है। इससे पर्यावरण मित्रों के साथ ही उनके परिवार को काफी लाभ मिलेगा। वहीं देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि पर्यावरण मित्रों का जीवन बीमा कराना काफी अच्छा निर्णय है। कारण पर्यावरण मित्र शहर में साफ-सफाई के साथ कई ऐसे कार्य करते हैं जिसमें दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पर्यावरण मित्रों का बीमा होने से परिवार को मदद मिलेगी।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने बजट को बताया विकास विरोधी

रुद्रपुर। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने बजट को विकास विरोधी, दिशाहीन, महंगाई व बेरोजगारी बढ़ाने वाला चुनावी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार प्रदेश को धीमा करने वाली सरकार है। बार-बार किसानों की आय दोगुनी करने का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार ने किसानों के लिए बजट में कुछ भी नई घोषणा नहीं की है। आंकड़ों की जादूगरी के सिवा कुछ नहीं किया गया है।

बंग्लादेश से आए शरणार्थियों के मामले में केंद्र से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने पूर्वी पाकिस्तान यानी बंग्लादेश से आए शरणार्थियों के मामले में सुनवाई करते हुए केंद्र से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

ऊधम सिंह नगर के सामाजिक कार्यकर्ता निखिलेश घरामी की ओर से इस मामले को चुनौती देते हुए कहा गया कि वर्ष 1962, 1964 और 1970 में पूर्वी पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को ऊधम सिंह नगर जिले में बसाया गया और उन्हें भूमि उपलब्ध कराई गई। केंद्र सरकार की सिफारिश पर इन्हें नमो शूद्र का दर्जा भी दिया गया। साथ ही इन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। यहां तक कि तत्कालीन समाज कल्याण विभाग ने इनके बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ भी दे दिया। इसके बावजूद उन्हें अनुसूचित जाति की योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। वह कई बार प्रत्यावेदन सक्षम अधिकारियों को दे चुके हैं। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद /केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने भी वर्ष 2019 में इस मामले को लोकसभा में उठाया है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने की। उन्होंने इस प्रकरण में केंद्र से दो सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख तय की गई है।

स्वदेशी तकनीक से होगा विकास

संवाददाता, रुद्रपुर/ पंतनगर

आयोजन

▸▸ हल्दी पंतनगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

अमृत विचार: उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. संजय कुमार ने दीप जलाकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. कुमार ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विज्ञान, शिक्षा, शोध में अभिरुचि लेने के साथ नवीन नवाचारों को आत्मनिर्भर भारत का मुख्य अंग बताया।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि परिषद के निदेशक डॉ. कुमार ने देश में विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध एवं नवाचारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया एवं स्वदेशी तकनीक को विकसित भारत का आधार बताया। शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल के निदेशक डॉ.पीके पांडे ने बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में नित्य हो रहे नवीन शोध एवं विकास से मानव जीवन सरल एवं सुगम हुआ है। नवीन तकनीकों के आने से रोग निदान आसान हुआ है।

विशिष्ट अतिथि प्रोनेस एशिया, मलेशिया के संस्थापक मनीमरण सुप्रिया ने वैश्विक स्तर की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत एवं मलेशिया के बीच विज्ञान के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की संभावना पर जोर दिया। सम्मानित अतिथि कर्नल अशोक राठौर ने विज्ञान की नवीन तकनीकों को सामाजिक उत्थान का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि भारत में विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ते कदम ने वैश्विक स्तर पर सभी देशों का ध्यान आकृष्ट किया है। सम्मानित अतिथि कौशल कुमार ने विज्ञान को समझने एवं आसान बनाने के लिये मूल विज्ञान को समझना जरूरी बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मणिन्द्र मोहन ने कहा कि विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है जिससे लैंगिक असमानता दूर होगी और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। यहां प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। यहां डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. कंचन कार्की, शिक्षक मनोज सिंह, प्रियंका कुलश्रेष्ठ, उनजिला प्रवीन, टविंकल डालाकोटी, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ.कल्पना लखेड़ा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

न्यायालय असि० कलक्टर प्रथम श्रेणी
खटीमा जिला उधमसिंहनगर
रा० वाद संख्या 22/160 सन् - 2022-23
वादी- चन्द्र सिंह
बनाम
प्रतिवादीगण- त्रिवेन्द्र प्रसाद आदि
सम्मन बनाम त्रिवेन्द्र प्रसाद चन्द्रशेखर पुत्रान लल्लूराम निवासीगण नैनीताल तहसील व जिला नैनीताल
चूंकि मुसम्मी वादी ने आपके बिरूद्ध एक दावा वास्ते धारा-229 बी० ज०उ० एवं भु०सु०अधि० के तहत दायर किया है जिसमे वास्ते जबाबदावा दिनांक 04/03/2024 नियत है। अतः आप नियत तिथि को दिन के 10-00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई कर ली जीवेगी।
आज दिनांक 21/02/2024 को मेरे हसताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया।
न्यायालय उपजिलाधिकारी/
असि० कलक्टर प्रथम श्रेणी
खटीमा जिला उधमसिंहनगर

नेशनल रेबीज कन्ट्रोल प्रोग्राम (एन.आर.सी.पी.)
रेबीज एक जानलेवा बीमारी है जिसका बचाव पूर्णतः संभव है
रेबीज कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि जैसे जानवरों के काटने या खरोंचने के कारण हो सकता है
- घाव को साबुन और बहते साफ पानी से तुरन्त धोएं व स्प्रिंट/अल्कोहल या घरेलु एंटीसेप्टिक का इस्तेमाल करें।
- एंटी रेबीज क्लिनिक में जाएं और चिकित्सक से परामर्श अनुसार टीकाकरण का कोर्स पूरा करें।
- घाव पर मिर्च, सरसों का तेल इत्यादि कोई अन्य पदार्थ न लगायें और अंधविश्वास से बचें।
- समय-समय पर पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करें।
देश की विकास में दे अपना योगदान
हर हाल में करना अपना मतदान।
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग-उधमसिंह नगर द्वारा जनहित में जारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर
संख्या : एन.एच.एम./एन.आर.सी.पी./2023-24/ दिनांक : 28-02-2024

नोजगे, सरस्वती व जीआईसी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खटीमा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर नोजगे पब्लिक स्कूल में छठवीं से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विज्ञान पर माडल बनाने वाली 25 टीमों 75 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी में सड़क दुर्घटना काम करने के वैकल्पिक उपाय, हृदय संरचना, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लान्ट, पानी के स्त्रोत, चन्द्रयान-3, पवन चक्की आदि मॉडल प्रस्तुत किए गए। नोजगे पब्लिक स्कूल नानकमत्ता के छात्र-छात्राएं भी अपने शिक्षकों के साथ विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए। विज्ञान प्रदर्शनी में छठवीं के अभिनव भट्ट, विनीत रावत और शशांक भण्डारी, 7वीं के यशवर्धन पाण्डे, पार्थ दत्ता एवं लक्ष्य सामन्त तथा 8वीं के इशान आगरी, साहिल राठौर और अर्पिता राणा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इधर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में विज्ञान दिवस पर बच्चों ने मॉडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सिद्धार्थ ने प्रथम, मनीष की टीम ने द्वितीय और हिमानी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संचेतना केंद्र अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

भालू के हमले में युवक गंभीर घायल, रेफर

खटीमा। भारामल पुलिस चौकी के निकट रहने वाले सुरेश हलदार (40) पुत्र सुशांत हालदार पर भालू ने उस समय हमला कर दिया जब वह जंगल में कटान कर रहे वन निगम के श्रमिकों के साथ था। सुरई रेंज के कंपार्टमेंट 38 में वन निगम द्वारा कटान कराया जा रहा है। सुरेश कटान के दौरान श्रमिकों के पास से पीछे की तरफ लगे जरनेटर की तरफ गया था कि झाड़ियों में छिपे भालू ने उस पर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने पर और श्रमिक उसे और दौड़े तो भालू उसे छोड़कर भाग गया। घायल को श्रमिकों ने मोटरसाइकिल से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मरीज की हालत गंभीर देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

ससुरालियों ने मारपीट कर महिला को घर से निकाला

काशीपुर। एक महिला के भाई ने उसके पति व ससुरालियों पर मारपीट कर बहन को घर से बाहर निकालने तथा मौके पर पहुंचने पर उस पर भी जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरखेड़ा पाण्डेय निवासी नवीन कुमार ने थाना आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 फरवरी को उसके पास बांसखेड़ा निवासी उसकी बहन का फोन आया कि उसके पति दीपक और ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना उसने डायल 112 पर पुलिस को दी। जिसके बाद वह बहन के घर पहुंचा तो उसकी बहन को मारपीट कर घर के बाहर निकाल दिया गय था। इस दौरान वहां बहन का पति दीपक, उसका भाई गौतम, गौतम के तीन दोस्त विशाल, जगमोहन आदि मौजूद थे। आरोप है कि विशाल व गौतम ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और पीठ पर चाकू से वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर पुलिस के पहुंचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष के बीच हुआ समझौता, पुलिस ने ली राहत की सांस, बुधवार को होना था आंदोलन

नाटकीय अंदाज में ठंडा पड़ा रामपाल-सीपी शर्मा मारपीट प्रकरण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिनों शिलापट को लेकर निवर्तमान मेयर और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के बीच हुई हाथापाई प्रकरण नाटकीय अंदाज में ठंडा गया है, जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर बुधवार को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष प्रकरण का पटाक्षेप होना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताते चलें कि 23 फरवरी को शक्ति विहार कॉलोनी के मुख्य गेट पर लगा शिलापट हटाने को लेकर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के बीच मारपीट की घटना हुई थी।

इन मुद्दों पर हुआ रामपाल-सीपी शर्मा का समझौता

- शिलापट को मुख्य गेट से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाया जाएगा।
- कॉलोनी वासियों के सुझाव को सर्वोपरि माना जाएगा।
- तहरीर पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी।
- पटाक्षेप के बाद हमलावरों का मुद्दा नहीं उठाया जाएगा।
- मुख्य गेट व गार्ड रूम का निर्माण जल्द करवाया जाएगा।
- निवर्तमान मेयर व महानगर अध्यक्ष के फैसलों को सोसायटी के सामने रखने।

इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने का मुद्दा उठाया था। इसके अलावा सीपी ने निवर्तमान मेयर पर बाहरी बदमाशों के साथ मिलकर हमला करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन और आत्मदाह की चेतावनी तक दे डाली थी। रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा की मौजूदगी में सैकड़ों कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया था। साथ ही बुधवार को गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी थी। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ था।

निवर्तमान मेयर से उनकी कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। एक ही कॉलोनी के बाशिंदे होने के कारण मुख्य गेट के चौड़ीकरण एवं शिलापट को सम्मानपूर्वक हटाने का निर्णय उनका व्यक्तिगत नहीं था, बल्कि कॉलोनी वासियों की सहमति का निर्णय था। मगर गलतफहमी के कारण मारपीट का विवाद हुआ और निवर्तमान मेयर के पक्ष के लोग घर पर आए और समझौता कराकर पटाक्षेप किया। अब वह किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं।
–सीपी शर्मा, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस

निगम द्वारा कराए गए 12.5 किमी. सड़क निर्माण का शिलापट उनके कार्यकाल में लगा हुआ था। शिलापट पर नाम को लेकर महानगर अध्यक्ष के बीच मतभेद प्रारंभ हुआ था। शुक्रवार को इसी गलतफहमी के कारण मारपीट की घटना हो गई। मगर मंगलवार की शाम को शहर के अलावा कॉलोनी के संभ्रांत नागरिकों के हस्तक्षेप के बाद प्रकरण का निपटारा हुआ और आपसी सुलह के बाद शिलापट विवाद भी निपट गया है। अब वह किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।
–रामपाल सिंह, निवर्तमान मेयर, रुद्रपुर

मंगलवार की देर शाम अचानक निवर्तमान मेयर और महानगर अध्यक्ष मारपीट प्रकरण के पटाक्षेप की चर्चा सुर्खियों में आने लगी। बताया जा रहा है कि कॉलोनी के लोगों ने दोनों के बीच आपसी समझौता करवा दिया और सत्ता की हनक के आगे आखिरकार कांग्रेस को बैकफुट पर आने की चर्चाएं भी जोरों पर है। बताया यह भी जा रहा है कि समझौता वार्ता के दौरान कांग्रेस के जिला स्तरीय नेताओं की भी अहम भूमिका रही है। रामपाल और सीपी शर्मा के बीच विवाद के शहर का सियासी पारा बहुत गर्म हो गया था। अचानक विवाद का पटाक्षेप होना कार्यकर्ताओं को सोचने पर विवश करने लगा है। वहीं पुलिस ने भी राहत की सांस ली है।

पुलिस ने चाकू के साथ चार युवक दबोचे

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम वसीम निवासी भट्टा कॉलोनी, काशीपुर बताया।

कहा कि नशे की पूर्ति के लिए लोगों को चाकू दिखाकर पैसा लूटता था। उधर पुलिस ने एस्कोर्ट फार्म गांव के पास से शिवम कश्यप निवासी एस्कॉर्ट फार्म को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। इधर कटोराताल चौकी पुलिस ने नागनाथ मंदिर तिराहे के पास दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने दो चाकू भी बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कमल व मलखान सैनी निवासी कुमाऊं कालोनी कचनालगाजी बताया।

यूपी-यूएसनगर के अफसरों ने किया मंथन

वर्चुअल बैठक में यूएस नगर समेत यूपी के पांच जिलों के डीएम-एसएसपी रहे मौजूद, तैयारियों पर चर्चा

लोस चुनाव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव में सीमावर्ती क्षेत्र में आपसी समन्वय बनाये रखने, शांति व्यवस्था में सहयोग करने समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर यूपी के पांच जनपदों के डीएम और एसएसपी की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी और एसएसपी ने चुनाव को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने पर सहमति बनी। इसको लेकर कई निर्णय भी लिए गए हैं।

बुधवार को शहर के एक होटल में आयोजित बैठक की शुरुआत ऊधमसिंह नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने की। इसमें यूपी के पांच जिलों के डीएम और एसएसपी ने बैठक में प्रतिभाग किया तो कुछ अधिकारियों ने वर्चुअल के माध्यम से बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन जल्द ही घोषित हो जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में यूपी और जिले के अधिकारियों के बीच आपसी सामंजस्य बनाना जरूरी है, क्योंकि अपराधी सीमावर्ती इलाकों को फायदा उठाकर चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यूपी के पांच जिलों से जिले की सीमा लगती है। ऐसे में आपसी सहमति, सीमाओं पर चौकसी, चेक पोस्ट, अवैध शराब पर रोकथाम करना जरूरी है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि यूपी सीमावर्ती थाना, कोतवाली एवं चौकी प्रभारी आपसी सामंजस्य बनाकर सीमावर्ती अपराधियों की सूची एक-दूसरे को प्रदान करेंगे। इसके अलावा जिले के अति संवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों को चिन्हित किया गया है। ताकि आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जा सके। साथ ही शस्त्रों का सत्यापन कार्य भी किया जाना जरूरी है। उन्होंने यूपी के पांच जिलों के अधिकारियों से चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

मुरादाबाद सदर व ठाकुरद्वारा में बनेंगे 11 बैरियर

रुद्रपुर। जिलाधिकारी मुरादाबाद मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन में पूर्ण सहयोग व समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। मुरादाबाद जिले के तहसील सदर व ठाकुरद्वारा ऊधमसिंह नगर व नैनीताल जिले की सीमाओं से लगता है। इसमें 11 जगह बैरियर लगाए जाएंगे। आपराधिक, ड्रग्स, शराब को रोकने में भी समन्वय बनाते हुए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी अधिकारियों के फोन नंबर आपस में शेयर किये जाएंगे।

जिले में 1317741 मतदाता करेंगे मतदान

रुद्रपुर। नोडल अधिकारी एवं सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के उधमसिंह नगर के 1317741 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सुलभ मतदान के लिए 805 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 1464 बूथ बनाए गए है। यूपी की पांच सीमाओं से लगे 134 बूथ आते हैं जिनमें 121994 मतदाता हैं।

लोकसभा चुनाव में ये होगी व्यवस्था

- अति संवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों की बनेगी सूची।
- लाइसेंस धारकों के शास्त्रों की होगी पड़ताल।
- सीमाओं पर बनाए जाएंगे 57 वैरियर।
- चोर रास्तों पर तैनाती रहेगा पुलिस फोर्स।
- सीमाओं पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे।
- हर बूथों पर उड़ेंगे ड्रोन कैमरे।
- हर विधानसभा में रहेगी रिजर्व फोर्स।
- आदतन अपराधी होगे गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर में निरुद्ध।

बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

एसपी बरेली सुशील गुले, एसपी बिजनौर नीरज जादौन, एसपी पीलीभीत अतुल शर्मा ने वर्चुअल से शिरकत की। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी बरेली सौरभ दूबे, पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्र, पुलिस अधीक्षक यातायात मुरादाबाद सुभाष गंगवार, एसपी बिजनौर धर्म सिंह मार्शल, उप जिलाधिकारी बिलासपुर हिमांशु उपाध्याय, उप जिलाधिकारी धामपुर रीतू रानी, अपर जिलाधिकारीयूएस नगर अशोक कुमार जोशी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी मनोज कत्याल, एमएनए नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, रविंद्र सिंह बिष्ट, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, राकेश चंद्र तिवारी आदि।

121 नशीले इंजेक्शनों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान कार सवार वनभूलपुरा निवासी दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद कर कब्जे में ले लिए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर दी है।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी व पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशन में कोतवाली पुलिस टीम ने उत्तराखंड- उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित दरऊ - टांडा छंगा बॉर्डर पर चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल, दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट, पुलिसकर्मी उम्मेद गिरी, महेश कोहली एवं उमेश सिंह की टीम ने वाहनों की तलाशी करते हुए जांच की। इस बीच मौके से गुजर रही कार संख्या यूके 04 टी बी 5286 को टीम ने रोक लिया। पूछताछ में कार सवार युवकों ने अपना नाम पता उजाला नगर, थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी, जिला नैनीताल निवासी शहजाद अंसारी एवं लाइन नंबर 12, निकट मीट मार्केट, थाना बनभूलपुरा, जिला नैनीताल निवासी शाकिब बताया। शक होने पर पुलिस ने तलाशी की तो आरोपी शहजाद अंसारी के कब्जे से 73 तथा शाकिब के कब्जे से 48 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए।

पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से कुल 121 नशीले इंजेक्शन के अलावा दो मोबाइल फोन कब्जे में लेते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने के साथ ही नशा एवं शस्त्र तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कार्रवाई

- आरोपियों से दो मोबाइल फोन बरामद, पुलिस ने कार सीज की

साइबर ठग ने प्रोफेसर को लगा दिया लाखों का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खुद को रोहिणी थाने का सब इंस्पेक्टर बताकर साइबर ठग ने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में तैनात सहायक प्रोफेसर को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास रुद्रपुर निवासी मशरूफ हसन ने बताया कि वह अल्मोड़ा के राजकीय सोबन सिंह जीना मेडिकल कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं और रुद्रपुर निवास करते हैं। बताया कि बीते 20 नवंबर को उसने कोरियर कस्टमर केयर पर सर्च किया तो खुद को केयर का कर्मचारी बताकर एक अज्ञात व्यक्ति ने बात की। उसने एक मोबाइल नंबर देते हुए जानकारी मुहैया करने को कहा। जब उसने दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन किया, तो मोबाइल पर कुछ देर बाद ट्रेकिंग मैसेज आया। मोबाइल पर मैसेज के आधार पर जानकारी साझा कर दी और ओटीपी आने शुरू हो गए। 28 नवंबर को दोपहर में एक व्यक्ति की कॉल आती है, जो खुद को दिल्ली स्थित रोहिणी थाने का सब इंस्पेक्टर विक्रम राठौर बता रहा था। उसने बताया कि आत्महत्या कर चुकी युवती के खाते से पैसों का लेनदेन हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। फर्जी दारोगा द्वारा बार-बार खाते की डिटेल साझा करने का दबाव बनाया। संदेह होने पर जब बैंक खाते की जानकारी ली तो 2,05,007 रुपये की ऑनलाइन निकासी हो चुकी थी।

बाजार में युवती को पीटा, वीडियो वायरल

किच्छा। नगर के मुख्य बाजार में तीन महिलाओं द्वारा एक युवती की पिटाई करने का वीडियो नगर में जमकर वायरल हो रहा है। इस बीच लोगों ने आक्रोशित महिलाओं से युवती को बचाकर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन भी कोतवाली पहुंच गए।

कोतवाली में पहुंचे दूसरे पक्ष ने बताया कि लड़की द्वारा आए दिन उनकी दुकान पर हंगामा करती है। पहले भी उसे हिदायत दी थी। बताया कि इसके बावजूद लड़की उनकी दुकान पर पहुंची और दुकान में तोड़फोड़ कर हजारों रुपए का नुकसान कर दिया। विरोध करने पर लड़की ने मारपीट शुरू कर दी। युवती के परिजनों ने बताया कि उनकी पुत्री दिमागी रूप से कमजोर है तथा उसका उपचार चल रहा है।

अवैध कॉलोनियों पर प्राधिकरण सख्त

बैठक

- जिला विकास प्राधिकरण ने बिल्डर्स-डेवलपर्स के साथ की बैठक, जिले के विकास की रूपरेखा हुई तैयार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में धड़ल्ले से कट रही अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने को लेकर ऊधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सचिव ने जिले के बिल्डर्स और डेवलपर्स के साथ बैठक की। साथ ही कॉलोनियों को वैधानिक तरीके से संचालित करने व जिले के विकास की रूपरेखा तैयार की।

उन्होंने चेताया कि नियम विरुद्ध कार्य करने पर प्राधिकरण नियमानुसार कार्रवाई भी करेगा।

बिल्डर्स एवं डेवलपर्स के साथ बैठक करते प्राधिकरण उपाध्यक्ष, सचिव व अधिकारी। ● अमृत विचार

बुधवार को यूआईआरडी सभागार में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला और सचिव कौस्तुभ मिश्रा की मौजूदगी में बैठक की शुरुआत हुई। सबसे पहले प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जिले के विकास और पार्किंग स्थल को लेकर विस्तार पूर्वक सुझाव मांगे और चिह्नित स्थानों पर जल्द पार्किंग बनाने की पहल शुरू करने का आदेश दिया। कहा कि बिना नक्शा पास कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आदेशित किया कि प्राधिकरण से अधिकृत कॉलोनी के स्वीकृत मानचित्र को विस्तृत कॉलोनी परिसर में बोर्ड पर चस्पा किया जाए। ताकि जमा पूंजी को लगाने वाले ग्राहक विश्वास कर अपना आशियाना बना सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना मानचित्र चस्पा किए बगैर कॉलोनी का विस्तार हुआ तो संबंधित बिल्डर्स एवं डेवलपर्स के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता रमेश जोशी, अवर अभियंता हेमंत रावत, जतिन गुप्ता के अलावा मनीष चुघ, दीपक जोशी, उज्जवल गगनेजा, राजू गाबा, शक्ति प्रकाश अग्रवाल, राज महरोत्रा, हिमांशु नारंग, अमित अरोरा रहे।

दिल्ली गया परिवार चोरों ने घर खंगाला

काशीपुर। दिल्ली गये परिवार के पीछे चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। वापस आने पर परिवार को घर का ताला टूटा मिला और चांदी के सिक्के सहित 80 हजार रुपये की नगदी गायब मिली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गिरिताल रोड, हैवेल्स गैलेक्सी शोरूम के सामने काशीपुर निवासी राजीव कुमार अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 फरवरी को वह परिवार सहित दिल्ली हुए थे। 19 फरवरी को जब वह वापस आये तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखे जेवरात, चांदी के सिक्के व 80 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। वही पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

मनरेगा स्वीकृत दैनिक मजदूरी पर काम नहीं करना चाहते मनरेगा मजदूर

2 हजार श्रमिकों ने सरेंडर किए जॉब कार्ड

- 11 हजार से घटकर 9 हजार हुए जॉब कार्ड धारक मजदूर

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

अमृत विचार: मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों में स्वीकृत दैनिक मजदूरी को लेकर काम करने की इच्छा नहीं है। यही कारण है कि जॉब कार्ड सत्यापन में ब्लॉक के दो हजार मजदूरों ने अपने जॉब कार्ड सरेंडर कर दिए हैं।

दरअसल मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सीसी रोड, सिंचाई नालिया, तालाब, विभागीय सड़कों के निर्माण समेत अन्य कामों में मजदूरों की आवश्यकता पड़ती है। मनरेगा ने ब्लॉक क्षेत्र में 11 हजार मजदूरों के जॉब कार्ड बनाए थे।

लेकिन हाल में ही हुए सत्यापन में पता चला कि दो हजार जॉब कार्ड धारकों ने दैनिक मजदूरी को लेकर काम करने की इच्छा नहीं जताई है। इनमें 13 सौ पुरुष जबकि 700 महिला मजदूर शामिल हैं। वहीं अन्य सभी मजदूरों को आधार सिस्टम से भी जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023 में दैनिक मजदूरी 203 रुपए से बढ़ाकर 230 रुपए की गई है। इसके बावजूद मजदूर स्वीकृत दैनिक मजदूरी में काम करने के इच्छुक नहीं है।

दैनिक मजदूरी वर्ष 2023 में 203 रुपए से बढ़ाकर 230 कर दी गई है। सत्यापन के दौरान लगभग दो हजार कार्ड धारकों ने स्वीकृत दैनिक मजदूरी में काम नहीं करने की इच्छा जाहिर कर कार्ड सरेंडर कर दिए हैं। अब 11 हजार की जगह 9 हजार जॉब कार्ड धारक रह गए हैं।
–पवन चौहान, उप कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), काशीपुर ब्लॉक।

एसओजी खंगालेगी हथियारों के सौदागर किशन की कुंडली

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 26 फरवरी को गदरपुर थाना पुलिस के हत्थे चढ़ा अवैध हथियारों का सौदागर किशन की कुंडली खंगालने के लिए एसओजी ने तैयारी पूरी कर ली है। जिसको लेकर एसओजी अब सीडीआर रिपोर्ट के अनुसार आरोपी के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है और खरीदारों को जल्द बेनकाब कर सकती है।

बताते चलें कि 26 फरवरी को गदरपुर पुलिस ने रुद्रपुर खेड़ा बस्ती के रहने वाले किशन पाल को दो फैक्ट्री निर्मित 32 बोर पिस्टल, एक पौनिया बंदूक 12 बोर, 315 बोर के सात तमंचे मय कारतूस के गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी का कहना था कि वह यूपी से हथियार लाकर स्थानीय स्तर पर बेचता है। मामले का खुलासा करने के बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आगामी चुनाव को देखते हुए प्रकरण की तफ्तीश रुद्रपुर एसओजी को सौंप दी है। साथ ही आदेशित किया है कि एसओजी सीडीआर रिपोर्ट के माध्यम से हथियारों के सौदागर के नेटवर्क को खंगालें और चिह्नित कर धरपकड़ की कार्रवाई करें। एसओजी प्रभारी मनोज धौनी ने बताया कि जल्द ही आरोपी किशन पाल की सीडीआर रिपोर्ट निकाल कर पड़ताल की जाएगी और पता किया जाएगा कि आरोपी ने किस-किस को हथियारों की सप्लाई की और खरीदारों का अपराधिक इतिहास क्या है।

पुलिस गश्त बढ़ाने के आदेश

सम्मान

- मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने दिए आदेश
- 22 पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधीनस्थों के साथ अपराध समीक्षा बैठक में आदेशित किया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्धों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक व थानाध्यक्षों को सतर्क रहने का आदेश दिया। आदेशित किया कि इलाके में पिकेट, चीता मोबाइल की आवाजाही, बैरियर ड्यूटी पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसएसपी ने कहा कि लंबित अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लंबित प्रकरणों की विवेचना कर अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए और इनामी, वांछितों की धरपकड़ पर अभियान चलाएं।

मासिक अपराध समीक्षा बैठक करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर एसएसपी ने 22 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, आईपीएस प्रशिक्षु निहारिका तोमर, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ अनुषा बडोला, सीओ रेवाधर मठपाल, भूपेंद्र सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बाजपुर। चार दिन पहले टक्कर मारकर युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 मोहल्ला राजीवनगर निवासी रफीक अली पुत्र निसार अली ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी की सायं करीब साढ़े सात बजे उसकी बाइक मुख्यमार्ग स्थित करतार सिंह पेट्रोल पंप के सामने खड़ी थी और वहीं पर उसका भाई सफीक अली भी खड़ा था। आरोप है कि तभी ट्रक संख्या (आरजे52/जीवी3214) के चालक ने बाइक व भाई सफीक अली को टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल भाई को अस्पताल में अभी तक होश में नहीं आया है। उसकी हालत नाजुक है।

ब्रॉडबेंड कार्ड चोरी होने पर मुकदमा दर्ज

बाजपुर। मोबाइल टावर से ब्रॉडबेंड कार्ड चोरी होने के मामले में पुलिस ने सुपरपाइजर की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जवाहरनगर नगला पंतनगर निवासी दीपक कुमार पांडेय पुत्र रामकेवल ने पुलिस को बताया कि ग्राम इटव्वा चौराहा पर इंडस कंपनी का टावर लगा हुआ है। 31 दिसंबर 2023 की देर रात टावर में लगा एरिक्शन कंपनी का ब्रॉडबेंड कार्ड किसी ने चोरी कर लिया। इसकी जानकारी साइट डाउन होने पर देर रात करीब 10 बजे प्राप्त हुई। टैक्नीशियन गंगा सिंह ने इंजीनियर मुकेश कुमार को भी मामले से अवगत कराया।

पहले दिन हाईस्कूल के 1222 अभ्यर्थी अनुपस्थित

ऊधमसिंह नगर जिले में हाईस्कूल हिंदी विषय में पंजीकृत थे 21107 अभ्यर्थी, कुल 19885 ने दिया एग्जाम

100 परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 बजे से एक बजे तक हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित हुई

13 पंजीकृत अभ्यर्थियों ने दी इंटर संगीत विषय की परीक्षा

रुद्रपुर के जनता इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद वर्ष की ओर से आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गयी है। दूसरे दिन इंटरमीडिएट की संगीत विषय और हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिले में पंजीकृत 21107 में विद्यार्थियों में से 19885 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1222 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

बुधवार को जिले के 100 परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 बजे से एक बजे तक हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा में 1222 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि इंटर की संगीत विषय की परीक्षा में पंजीकृत 13 अभ्यर्थियों में सभी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से पहले सभी केंद्रों में अभ्यर्थियों की चेकिंग की गयी। इसके बाद ही कक्ष के अंदर प्रवेश कराने की अनुमति दी गयी।

सीईओ केएस रावत ने बताया कि जनपद में दूसरे दिन हाईस्कूल की हिन्दी विषय और इंटर की संगीत विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा को नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गयी थी।

बोले छात्र

पहले दिन हिंदी का पेपर था। काफी अच्छा रहा। पेपर अच्छा होने से अन्य विषयों की तैयारी करने में आसानी होगी। परीक्षा की तैयारियां तीन माह पूर्व से शुरू कर दी थी।
-आयूष अग्रवाल, छात्र

पहला पेपर होने के कारण थोड़ा तनाव जरूर होता। लेकिन पेपर मिलने के बाद यह तनाव खत्म हो जाता है। हिंदी का पेपर अच्छा रहा। उम्मीद है कि हिंदी में उन्हें बेहतर अंक मिलेंगे।
-भरत पाल, छात्र

स्कूल ने समय पर सभी विषयों का अध्ययन करा दिया था। जिससे पेपर की पूरी तैयारी हुई है। पहला पेपर था इसलिए थोड़ा डर लगा था। तैयारी पूरी थी, इस कारण पेपर मिलने पर डर खत्म हो गया।
-फरमान अली, छात्र

बोर्ड परीक्षा के नाम पर ही डर लगता है, लेकिन अब तमाम आयोजन, परीक्षा पर चर्चा, मन की बात आदि के चलते अभिभावक भी पूरा ख्याल रखते हैं। पढ़ाई को लेकर लगातार प्रोत्साहित करते हैं। इस कारण डर नहीं है।
-आरिबा, छात्रा

काशीपुर में पहले दिन 87 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

काशीपुर। उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के पहले दिन हिंदी की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 3129 में से 87 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बुधवार को हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा 15 केंद्रों में सुबह 10 बजे से एक बजे तक हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बीईओ आरएस नेगी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। नकल का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया।

सार-संक्षेप

विज्ञान प्रदर्शनी में रखे मॉडल की जानकारी देती छात्रा। ● अमृत विचार

चंद्रावती कॉलेज में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

काशीपुर। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा व अध्यापिकाओं ने विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में छात्रा व अध्यापिकाओं ने विज्ञान के विभिन्न प्रकरणों से सम्बन्धित चार्ट्स एवं मॉडल्स का प्रदर्शन किया। साथ ही विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल्स की क्रिया विधि का भी समझाया। जो गणित, घर्षण, जल चक्र, हृदय की क्रिया विधि, पारिस्थितिक तंत्र, परागण एवं प्रकाश आदि से सम्बन्धित थे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने छात्राध्यापिकाओं द्वारा किये गये कार्य की सराहना की व उन्हें अभिप्रेरित किया। प्रदर्शनी का आयोजन बीएड विभाग की प्राध्यापिका शालिनी सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सिंह, डॉ. अविनाश मिश्रा, चंचल कुमार, मनोज कुमार, शिप्रा छाबड़ा व डॉ. महेश कुमार उपस्थित रहे।

नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर रतन फार्म नंबर तीन में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

शक्तिफार्म। नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर रतनफार्म नंबर 3 में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह, उद्योगपति शिवकुमार मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतिभा और शिक्षा किसी की मोहताज नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में शिक्षा और स्पोर्ट्स की काफी क्षमता है, जरूरत उन्हें मौका देने का है। शिवकुमार मित्तल ने बच्चों से कहा कि गंभीरता से पढ़ाई कर भविष्य संवारें। मुख्य अतिथि ने विद्यालय में हाईटेक शौचालय निर्माण की घोषणा की। संचालन प्रकाश डिकिटया ने किया। यहां विद्यालय के अध्यक्ष शीतल सिंघल, प्रबंधक महेश मित्तल, मंगतराम लोस्टा, ईश्वरी दत्त जोशी, प्रधानाचार्य निताई मण्डल, कोषाध्यक्ष विपिन डालमिया, शरद जायसवाल, सोप्रीत भाटिया, सुखवीर सिंह बेदी, हरप्रीत सिंह, बलजीत सिंह आदि रहे।

क्विज में महक व श्रेया रहे अव्वल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में महक व श्रेया संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। जबकि विज्ञान आधारित रील मेकिंग प्रतियोगिता में नक्षत्रा पांडे प्रथम रहीं।

बुधवार को राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग तथा ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुमारी महक व श्रेया गौनियाल संयुक्त रूप से प्रथम, हिमांशु प्रताप हितैषी द्वितीय और कुमारी आकांक्षा व सौरभ सिंह माहरा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर प्राप्त किया। मानसी कांडपाल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

काशीपुर में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

वनस्पति विज्ञान के विभागीय परिषद द्वारा विज्ञान आधारित रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें नक्षत्रा पांडे प्रथम, श्रेया गौनियाल द्वितीय तथा संध्या सुमन व मनीष जोशी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वनस्पति विभाग प्रभारी डॉ. आदित्य कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बारे में जानकारी दी और देश के महान वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहां पर संयोजक डॉ. स्नेह लता, ईको क्लब समिति के सदस्य डॉ. विवेक केडिया, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेन्द्र परिहार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

महिला मार्च अब 10 मार्च को

तिथि परिवर्तन

सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन को देखते हुए कल प्रस्तावित महिला मार्च स्थगित

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि पर भूमिधरी अधिकार वापस देने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 212वें दिन भी जारी रहा।

आंदोलन स्थल पर बैठक में 1 मार्च को प्रस्तावित महिला मार्च स्थगित करते हुए अब 10 मार्च को महिला मार्च का निर्णय लिया गया। बताया कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन को देखते हुए महिला मार्च स्थगित किया गया है, जबकि भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन चलता रहेगा।

बाजपुर तहसील परिसर में बैठक में विचार-विमर्श करते आंदोलनकारी किसान।

बुधवार को तहसील परिसर में आंदोलन स्थल पर हुई बैठक में आंदोलन की आगामी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि सरकार के रुख को देखते हुए 1 मार्च को महिला मार्च को स्थगित कर अब महिला मार्च 10 मार्च को निकालने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, संयोजक जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सिंह सोनू, दलजीत सिंह रंधावा, सुरजीत अग्निहोत्री, कुलवीर सिंह, रघुवीर सिंह, नत्था सिंह, बल्देव सिंह संधू, देवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

पालीप्लेक्स में रक्तदान करने वाले कर्मचारी को प्रमाणपत्र देते कंपनी के अधिकारी।

पॉलीप्लेक्स कार्पोरेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन

बाजपुर। बुधवार को विक्रमपुर इंडस्ट्रीज एरिया में केशोवाला-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर स्थित पॉलीप्लेक्स कार्पोरेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्लांट हेड आरके गुप्ता ने फीता काटकर किया। शिविर में 40 कर्मचारियों ने रक्तदान में हिस्सा लिया। इस मौके पर प्लांट हेड आरके गुप्ता ने कहा कि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसकी पूर्ति रक्तदान से ही संभव है। रक्तदान करने वाला व्यक्ति भी एक तरह से समाज की सेवा ही कर रहा है। हमारी कंपनी समाज की सेवा के लिए इस तरह के कार्य समय-समय पर करती रहती है। इस मौके पर पॉलीप्लेक्स के मुख्य अधिकारी डीके वर्मा, एचआर एडमिन अधिकारी जनमेजय तिवारी, एचआर सुनील सिंह, ब्लड बैंक से डॉ. विभूति भूषण, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, जनरल मैनेजर भारत मेहरा आदि मौजूद रहे।

आईआईएम ने 200 बच्चों को बांटे स्टेशनरी किट

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: वंचित बच्चों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए आईआईएम काशीपुर के परिवर्तन सेल के छात्रों ने 200 से अधिक बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की।

आईआईएम के परिवर्तन सेल के छात्रों की एक टीम ने भीम नगर के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय में 67 और माध्यमिक विद्यालय में 48 छात्रों को 115 स्टेशनरी किट वितरित की गई। साथ ही बच्चों के साथ उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की और उन्हें कई ज़रूरी टिप्स भी दिए। इसी क्रम में टीम ने राम नगर स्थित जेनेट शीड रॉबर्ट्स रेजिडेंशियल स्कूल फॉर स्पेशल नीड्स चिल्ड्रन में भी 60 दिव्यांग बच्चों को विशेष रूप से तैयार की गई स्टेशनरी किट वितरित की। वही आईआईएम काशीपुर परिसर में निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के बच्चों को 28 स्टेशनरी किट बांटी और उन्हे जीवन में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

काशीपुर के एक स्कूल में स्टेशनरी किट वितरित करते आईआईएम काशीपुर के छात्र। ● अमृत विचार

परिवर्तन सेल की सचिव दीक्षिता मिश्रा ने कहा कि हमारा स्टेशनरी दान अभियान केवल भौतिक सहायता प्रदान करना नहीं है। यह इन युवा शिक्षार्थियों के दिलों में आशा पैदा करने और संभावना को बढ़ावा देने के बारे में है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि शिक्षा एक परिवर्तनकारी औजार है। इस तरह की पहल से हम जरूरतमंद लोगों के जीवन में ठोस बदलाव लाने का प्रयास करते हैं।

चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की कैद व जुर्माना

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: चेक बाउंस होने पर तृतीय एसीजी की अदालत ने दोषी को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

ग्राम खरमासी निवासी गणेश सिंह पुत्र खमानी सिंह ने अपने अधिवक्ता अमित सिंह चौहान के माध्यम से अदालत में परिवाद दायर कर कहा था कि उसकी बिजनौर के ग्राम खजूरा जट निवासी दीपक कुमार पुत्र सुंदर सिंह के साथ अच्छी पहचान थी। दीपक ने उसे अपनी मजबूरी बताते हुए एक लाख रुपये उधार मांगे। जून, 2021 में उसने दीपक को एक लाख रुपये की रकम दे दी। उसने तीन माह में रकम लौटाने का वादा किया। तकादा करने पर उसने अपने बैंक खाते का एक लाख रुपये का चेक दिया। चेक खाते में लगाने पर 14 दिसंबर 2021 को बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को तलब किया। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी दीपक को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा ने आरोपी को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

बाजपुर में मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष व बच्चे। ● अमृत विचार

मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

बाजपुर। ग्राम पंचायत भट्टपुरी के अंतर्गत नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर पूर्व ग्राम प्रधान लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़ द्वारा उपलब्ध करवाई गई भूमि परनिर्मित शिव मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया है। इसके तहत बुधवार को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई, जोकि मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बरहैनी स्थित सती माता मंदिर पहुंची। वहां से पुन: शिव मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई। इसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़ ने बताया कि मंदिर में शिवलिंग के साथ ही शिव परिवार, हनुमानजी, काली माता आदि देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। जिनकी प्राण-प्रतिष्ठा 3 मार्च को होगी। धार्मिक अनुष्ठान व पूजा-पाठ भगवताचार्य पं .वीरेंद्र शास्त्री द्वारा करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर कपिल कोच्छड़, रेनू कोच्छड़, डिंपल चंद्रा, उषा सैनी, छोटेलाल रहे।

सावधान लोगों को फोन कर परिजन को थाने में बंद बताकर छुड़वाने के नाम पर लोगों से ठग रहे लाखों रुपये

फर्जी पुलिस अफसर बनकर चूना लगा रहे साइबर ठग

मोहम्मद अर्शी खान, काशीपुर

अमृत विचार: साइबर ठगों ने अब लोगों को चूना लगाने के लिए पुलिस के नाम का भी इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। साइबर ठग लोगों को उसके परिचित के किसी केस में थाने में बंद होने का हवाला देकर रुपये की मांग कर रहे हैं। जिससे डरकर लोग आसानी से उनके जाल में फंस रहे हैं और अपने पैसे गंवा रहे हैं।

आजकल साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर लोगों को चूना लगाने का नया तरीका ढूंढा है। साइबर ठग लोगों को कॉल कर उनके किसी परिचित जैसे भाई, बेटा, पिता आदि का हवाला देकर कहते हैं कि फला थाने से दरोगा अथवा अन्य अफसर बोल रहा हूं। कहते हैं कि उनके परिचित को एक केस के सिलसिले में

थाने लाया गया है। साइबर ठग उसे छोड़ने के नाम पर पैसे की मांग करते हैं और उनके बताए गये खाते में पैसे भेजने को कहते हैं। अपने परिचितों को बचाने के लिए भावना में आकर लोग आसानी से साइबर ठगों के जाल में फंसकर उनके बताए खातों में पैसे भेज देते हैं। साइबर अपराध की इस तरह की घटनाएं सहित अन्य सोशल मीडिया आदि से लोगों को प्रलोभन देकर भी साइबर ठग पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। ऐसे साइबर ठगों से बचने के लिए पुलिस लोगों को शिविरों व सोशल मीडिया के जरिए जागरूक करने का प्रयास भी कर रही है। इसके बावजूद लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं।

अब साइबर ठग पुलिस के नाम से लोगों को डरा कर ठगने का कार्य कर रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर साइबर ठग नये-नये प्रलोभन देकर लोगों को ठग रहे हैं। उनसे बचने के लिए सतर्क रहें। किसी परिचित के मुसीबत में फंसने पर उसे या उसके घर आदि पर फोन कर पुष्टि कर लें। वहीं किसी भी लालच में आने से पूर्व उसकी जांच कर लें। जांच के लिए संबंधित कंपनी के नजदीकी कार्यालय में जाकर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करें। **-ललित मोहन जोशी**, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमाऊं मंडल

ठगी से बचने के लिए अपनाएं ये उपाय

- कंपनी की अधिकारिक वेबसाइट से उस कार्य की पुष्टि करें।
- कोई भी डेबिट या क्रेडिट कार्ड विवरण किसी को भी न दें।
- आनलाइन लुभाने वाले प्रलोभन में न आए
- इंटरनेट पर अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- किसी भी प्रकार की उपहार, लक्की, ड्रा, लाटरी के चक्कर में न आये।
- परिचित के मुसीबत में फंसने पर एक बार उसे या उसके घर पर फोन कर पुष्टि कर ले।
- पैन कार्ड या आधार कार्ड शेयर न करें।
- किसी को भी ओटीपी न बताएं।
- अनजान नंबर पर कोई रिप्लाई न करें।
- बार-बार मैसेज आ रहे हैं तो 1930 पर शिकायत करें।
- क्यूआर कोड से केवल भुगतान किया जाता है न की रुपये लिये जाते है।
- व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर किसी से बात न करें।
- अपनी फेसबुक आईडी लॉक रखें और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिये गये सिक्यूरिटी फीचर का इस्तेमाल करें।

हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बाजपुर। ग्राम कनौरा निवासी शिवकुमार पुत्र भूकनलाल ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी की प्रातः 7:30 बजे वह अपने खेत पर गया तो वहां कुछ लोगों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। कहा कि वहां पहले से ही हाथों में लाठी-डंडे व पाटल आदि लेकर खड़े राहुल, रोहित पुत्रगण हरीश चंद, ओमप्रकाश पुत्र भूकनलाल मेढ़ के नजदीक पेड़ लगाने की बात कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए तथा जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लाठी व पाठल से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। लोगों ने उसे किसी तरह बचाया। इसके बाद आरोपी भाग गए। उसे पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने राहुल, रोहित व ओमप्रकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बाजपुर इंटर कालेज में मतदान की शपथ ग्रहण करते बच्चे व शिक्षकगण।

शिक्षक-शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई

बाजपुर। चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत इंटर कालेज बाजपुर में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह ने स्कूली बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर वाइके भगत, हरपाल सिंह, रमाशंकर गंगवार, महेश रावत, परमजीत कौर सैनी, गीतांजलि, दीपा आदि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी द्वारा इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर सभी से लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनने की अपील की है।

एक नजर

नई शिक्षा नीति के नियमों का पालन करें शिक्षक

बनबसा। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनएचपीसी में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सतत व्यावसायिक विकास के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को हुई कार्यशाला में बीके पुष्कर एवं शरण लाल सैनी ने संसाधक के रूप में शिक्षकों को किस प्रकार 50 घंटे का लक्ष्य प्राप्त किया जायेगा इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य राजेश कुमार वत्स ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों को अपने व्यावसायिक जीवन में सतत विकास करने के लिए नई शिक्षा नीति में दिए गए नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे दिए गए 50 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

अग्निवीर योजना को गैर जरूरी बताया

बैरती। क्षेत्र के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अग्निवीर योजना को गैर जरूरी बताते हुए इसकी मुखालफत की है। निकटवर्ती बसभीड़ा में आयोजित यूथ कांग्रेस की बैठक में रानीखेत प्रभारी दीपक नेगी ने कहा कि भाजपा की अग्निवीर योजना सीधे-सीधे बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान कर युंका प्रभारी ने कहा कि राज्य में रोजगार दो, न्याय दो की मुहिम चलाकर कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। युवाओं के लिए रोजगार जरूरी है। मौके पर पारस बौरा, मोनू कंडारी, नीरज किरौला, अंकुश वर्मा, दीपू किरौला, धीरज नेगी एवं गौरव किरौला आदि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीन मार्च को छह बूथों में होंगे व्यापार संघ चुनाव

अल्मोड़ा : प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल के तीन मार्च को होने वाले चुनावों के लेकर अल्मोड़ा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी दीप सिंह डांगी ने बताया कि इस वर्ष का चुनाव नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी और नगर के गणमान्य लोगों के सहयोग से संपन्न होगा। चुनाव के लिए जिला मुख्यालय में छह बूथ बनाए जाएंगे। जिसमें सभी व्यापारी एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मतदान संपन्न कराया जाएगा। साथ ही उन्हीं के द्वारा मतगणना का कार्य भी सम्पन्न कराया जाएगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अरोरा, मनीष जोशी, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, गोविंद मटेला, आशीष वर्मा, अनीता रावत, तारा चंद्र जोशी, दिनेश मठपाल, गिरीश उप्रेती, दिवाकर साह, जगमोहन, मंगल सिंह, जगदीश वर्मा, दिनेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ काटने का होने लगा विरोध

अल्मोड़ा : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के लिए एक हजार देवदार के पेड़ों को काटने के प्रस्ताव की उत्तराखंड लोक वाहिनी ने कड़ी निंदा और विरोध किया है। उलोवा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अधिवक्ता जगत रौतेला ने कहा कि वाहिनी ने जिस राज्य के लिए संघर्ष किया, उसका इस तरह से विनाश निंदनीय है। वर्तमान में चंद लोगों को पेड़ों को काटना केवल रुपये कमाने का जरिया मात्र है।

समिति के उपाध्यक्ष करेंगे स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा : प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु सिंचाई सलाहकार समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह भंडारी अल्मोड़ा जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष 29 फरवरी को 12:30 बजे भ्वाली से प्रस्थान कर तीन बजे धौलादेवी ब्लॉक के पेटशाल, डूंगरी और फिनिटी में विभागीय कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद वह पिथौरागढ़ की ओर प्रस्थान करेंगे।

वेतन नहीं मिलने पर पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे

अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के आउटसोर्स और उपनल कर्मचारियों ने बेस परिसर में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

मेडिकल कालेज के बेस परिसर में प्रदर्शन करते आउटसोर्स कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : दो महीने से वेतन को तरसे अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के आउटसोर्स और उपनल कर्मचारियों ने अब उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई ना होने पर पूर्ण कार्य बहिष्कार पर जाने की चेतावनी दे दी है। कार्मिकों ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें अंधेरे में रखा गया और जब आज उनके सामने उनके भविष्य और आजीविका का संकट पैदा हो गया है तो सरकार उनकी मांगों पर गौर करना भी मुनासिब नहीं समझ रही है।

पिछले दो महीने से मानदेय का भुगतान ना होने के कारण मेडिकल कालेज अल्मोड़ा में उपनल और आउटसोर्सिंग के माध्यम से फार्मासिस्ट, ऑक्सीजन प्लांट टैक्निशियन, वार्ड ब्वॉय, आया, सुरक्षा गार्ड और पर्यावरण पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। बुधवार को भी अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मेडिकल कालेज के बेस परिसर में कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय कोरोना बीमारी से लड़ने और अल्मोड़ा मेडिकल कालेज को स्थापित करने में सहयोग के दौरान समाप्त कर दिए। लेकिन अब ऐन वक्त पर शासन ने कालेज में पद सृजित ना होने का कारण बताकर उनका न्यून वेतन तक रोक दिया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार को कर्मचारिों की तैनाती से पहले पदों का सृजन करना चाहिए था। लेकिन सरकार ने ऐसा ना कर कर्मचारियों को गुमराह करने का काम किया है। जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन के दौरान रेखा कनवाल, भावना, नरेंद्र, रजत, मुकुल, नीरजा देवी, पंकज, सूरज, दिव्या, भारती, भावना मेहता, विवेक लोहनी, करन, महेंद्र, संजना, उर्मिला, दीप्ति, हिमांगी, मनोज समेत अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

आश्वासन हवाई साबित हुए तो फिर करेंगे आंदोलन

अल्मोड़ा : जिले के चौखुटिया विकास खंड के राजकीय इंटर कालेज खीड़ा में गणित विषय की स्वीकृति समेत अनेक मांगों पर कार्रवाई को लेकर कई दिनों से चल रहा आंदोलन एक महीने के लिए स्थगित कर दिया है। ग्रामीणों के लंबे आंदोलन को देखते हुए एसडीएम सुनील कुमार आंदोलनकारियों से मिलने पहुंचे और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी मान गए। उल्लेखनीय है कि चौखुटिया के खीड़ा इंटर कालेज में गणित विषय की स्वीकृति, क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत, नियमित बिजली और पानी की आपूर्ति, बेहतर चिकित्सा सेवाओं समेत अनेक बुनियादी समस्याओं को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे। आंदोलन को काफी लंबा समय और उग्र होता देख एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार तितिशा जोशी समेत राजस्व विभाग के अनेक अधिकारी आंदोलनकारियों से वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान उमराव सिंह, हीरा सिंह, उम्मेद सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, गंगा सिंह, ममता, मुन्नी, आनंदी, नीमा मेहरा, नीरज सिंह, दीवान सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

65 प्लस आयु वर्ग में हरीश जीते

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : 22वीं ट्रांसफार्म उत्तराखंड स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का सिंगल्स फाइनल मुकाबला अल्मोड़ा के हरीश अधिकारी के नाम रहा।

अल्मोड़ा पहुंचने पर बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हरीश अधिकारी का स्वागत किया और मिष्ठान वितरित कर जीत की खुशी मनाई। यह टूर्नामेंट पिथौरागढ़ जिले में आयोजित कराया गया था, जिसमें 65 वर्ष से अधिक उम्र के बैडमिंटन खिलाड़ी हरीश अधिकारी सिंगल्स मुकाबले में चैंपियन बने, 65 प्लस आयु वर्ग की सेमीफानइल प्रतियोगिता में हरीश अधिकारी ने भूपाल सिंह मेहता को परास्त फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनकी भिड़ंत पिथौरागढ़ के डीएस नेगी से हुई। जिसमें उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इधर अल्मोड़ा निवासी डीके जोशी व एसएस भंडारी की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में देहरादून के संदीप रावत व सूरज ममगई की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्हें उधमसिंह नगर के अमित अग्रवाल व दिवास बिष्ट की जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर दिया। हरीश अधिकारी के अल्मोड़ा पहुंचने पर बैडमिंटन खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। मिष्ठान वितरण के दौरान उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी, प्रदेश सचिव राम अवतार, प्रशांत जोशी, राकेश जायसवाल, गोकुल मेहता, डीके जोशी, डा. संतोष बिष्ट, डा. अखिलेश, संजय नज्जौन, नंदन रावत, अरविंद जोशी, हिमांशु राज, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बंगयाल, डा. अखिलेश समेत अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।

अधिकारी की मौत में आर्म्स एक्ट का मुकदमा

संवाददाता, टनकपुर/बनबसा

अमृत विचार : हल्द्वानी वन प्रभाग के शारदा वन रेंज में तैनात वन बीट अधिकारी हरीश चन्द्र जोशी की मौत के मामले में जांच कर रही पुलिस टीम ने बनबसा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टि में मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मालूम हो कि दोगाड़ी रेंज में तैनात वन बीट अधिकारी हरीश चंद्र जोशी (35) का शव मंगलवार की सुबह कलोनिया के सरकारी आवास में मिला। बताया गया कि छाती में गोली लगने से उनकी मौत हो गई। इससे पूर्व टनकपुर शारदा वन रेंज के रेंजर पूरन चंद्र जोशी और बनबसा थाने के एसआई जितेंद्र बिष्ट ने टीम के साथ घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया। परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए मामले की जांच की मांग की। एसआई जितेंद्र बिष्ट ने बताया कि जांच में पाया गया है कि मृतक ने खुदकुशी की है। तमंचे के साथ मृतक के हाथ में गन पाउडर भी मिला है।

सार-संक्षेप

शिक्षिका हेमलता पंत गरुड़ पुरस्कार से सम्मानित

देहरादून में शिक्षिका हेमलता पंत को गरुड़ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

टनकपुर : अटल आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका हेमलता पंत को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए देहरादून में विजन इंडिया संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गरुड़ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चम्पावत जिले में सर्वश्रेष्ठ वोकेशनल ट्रेनर के रूप में योगदान देने के लिए हेमलता को यह पुरस्कार प्रदान दिया गया। देहरादून से लौटे हेमलता पंत ने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से वह विद्यालय में पढ़ाई कर रही छात्राओं को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने के गुर भी सिखा रहे हैं। इधर हेमलता पंत को यह सम्मान मिलने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता चन्द, प्रवक्ता बिंदु चन्द, रश्मि जोशी, ममता, रीता उपाध्याय आदि ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री बन रही हादसों का सबब

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा कौसानी हाईवे पर सोमेश्वर के पास सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्री सड़क हादसों को दावत दे रही है, लेकिन अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान संगठन के सदस्य सुरेश बोरा ने इस मामले में जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इन दिनों तहसील में सोमेश्वर उप जिला चिकित्सालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी निर्माण सामग्री बेखौफ होकर मुख्य मार्ग पर रखी जा रही है। जबकि निर्माण कार्य के मलबे को भी मुख्य मार्ग पर ही डंप किया जा रहा है। बोरा ने कहा कि निर्माण सामग्री के मुख्य हाइवे पर फेंके जाने के कारण कई दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल भी हो चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले में हस्तक्षेप कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

टनकपुर में शैक्षिक भ्रमण करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कम पूंजी में किया जा सकता है मौन पालन

टनकपुर : देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को शैक्षिक उद्यम भ्रमण में श्यामलाताल ले जाया गया। ईडीपी अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. अजिता दीक्षित ने हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डा. रेखा मेहता, ईडीपी समन्वयक पंकज तिवारी, अनुसेवक महेश लाल की देखरेख में दल को रवाना किया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने मधुमक्खी पालन उद्योग का निरीक्षण किया। प्रशिक्षुओं ने पाया कि अल्प पूंजी से मौन पालन व्यवसाय किया जा सकता है। ईडीपी के नोडल अधिकारी डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने सम्पूर्ण बैच का डाटा आदि का संकलन किया। डा. संजय कुमार, अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार दशरथ बोहरा, दिनेश चन्द्र सिंह रावत, विजय कुमार मौर्य ने भी टीम का सहयोग किया।

गाजियाबाद से दबोचे तीन साइबर ठग

संवाददाता, अल्मोड़ा

- ऑनलाइन फंसे पैसों को दिलाने का भरोसा दिलाते थे
- पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से गिरफ्तार किया

अमृत विचार : ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान विभिन्न कंपनियों में फंसे पैसों को वापस दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

अल्मोड़ा निवासी चंदन सिंह नयाल ने नौ अगस्त 2023 को कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उनके द्वारा एक कंपनी से ऑनलाइन शॉपिंग की जाती थी। कंपनी ने उनसे पैसे लेकर आर्डर के मुताबिक उन्हें पूरा सामान उपलब्ध कराने के बजाय कुछ ही सामान उपलब्ध कराया। जिस कारण उनके पैसे उस कंपनी में फंस गए। इस बात का फायदा उठाकर कपिल रौतेला, महेश शर्मा और किर्तिका मलिक नाम के तीन लोगों ने उन्हें फोन कर ऐसी कंपनी का कर्मचारी बताया। बताया कि वह कंपनियों में फंसे पैसे दिलाने का काम करते हैं। फंसे पैसे निकालने के नाम पर तीनों ने चंदन सिंह नयाल से फीस के नाम पर थोड़ा थोड़ा कर 1,46,500 रुपये ऐंठ लिए, लेकिन उनका पैसा वापस नहीं लौटा। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक खातों की डिटेल प्राप्त की, जिसमें एक खाता प्रवीन कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी तुगलकाबाद दिल्ली व दूसरा खाता रोविन सिंह पुत्र रामप्रसाद निवासी केशव नगर, गाजियाबाद का पाया गया। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में टीम इन व्यक्तियों की तलाश में जुट गई। सर्विलांस की मदद से सुरागरसी की गई और दोनों का पता लगाकर उन्हें लोनी बार्डर, गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में मोहित कुमार उर्फ मोनू का नाम तीसरे अभियुक्त के रूप में सामने आया। जिसे भी निशानदेही पर दबोच लिया गया।

वॉइस चेंजिंग फोन का करते थे इस्तेमाल

पूछताछ के दौरान साइबर ठग प्रवीन कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में टैक्सी चलाने का काम करता है। 2018 से 2022 तक वह मोहित कुमार के साथ एक कंपनी में काम करता था, जिससे लोग ऑनलाइन शॉपिंग करते थे। कंपनी छोड़ने के बाद उन्हें पैसों की जरूरत थी और उनके पास ऐसे ग्राहकों की डिटेल थी, जिनके पैसे कंपनी में बकाया था। ऐसे लोगों को पैसा वापस दिलाने के नाम पर वह उनसे ठगी करते थे। ठगी करने के लिए वह लड़की की आवाज निकालने के लिए वॉइस चेंजिंग फोन का इस्तेमाल करते थे और अलग अलग नाम बदलते थे। पैसा उनके खाते में आने पर उस खाते को बंद कर दिया जाता था।

क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों के दुरुस्त होने की जगी उम्मीद

अल्मोड़ा : हल्क्षनी अल्मोड़ा राजमार्ग पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो चुकी सुरक्षा दीवारों की मरम्मत की आस जगी है। एनएच विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए अब भारत सरकार ने इन दीवारों के सुधारीकरण के लिए दो करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है। विभाग के अनुसार शीघ्र ही इन सुरक्षा दीवारों को सुधारने का काम शुरू कर दिया जाएगा। हल्द्वानी अल्मोड़ा हाइवे पर कोसी, खोल्टा, स्यालीधार, पांडेखोला, कर्नाटकखोला समेत अनेक स्थानों पर दर्जनों सुरक्षा दीवारें लंबे समय से क्षतिग्रस्त हैं। जिस कारण नगर समेत कोसी, हवालबाग, कटारमल, रानीखेत से हल्द्वानी को जाने वाले यात्री अपनी जान जोखिम में रखकर इस मार्ग से सफर कर रहे थे। जन दबाव के बाद नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने इन सुरक्षा दीवारों के सुधारीकरण का प्रस्ताव विभाग के माध्यम से भारत सरकार को भेजा था। जिसे स्वीकृति देते हुए अब भारत सरकार ने इस कार्य के लिए दो करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं।

उज्ज्वला पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

बनबसा। उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी महिला कल्याण देहरादून राजीव नयन तिवारी ने रीड्स संस्था की ओर से संचालित उज्ज्वला पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार को पुनर्वास केंद्र के अभिलेखों को देखा और केंद्र में पूर्व में निवासरत पीड़ितों की जानकारी ली। संस्था के समन्वयक जनक चंद ने केंद्र को संचालित करने में आ रहीं समस्याओं के बारे में परिवीक्षा अधिकारी को अवगत कराया। समन्वयक जनक चंद ने परिवीक्षा अधिकारी से चार वर्ष से केंद्र को कोई अनुदान नहीं मिलने से कर्मियों को मानदेय, भवन किराया और अन्य मदों में देय भुगतान अवशेष होने की समस्या रखी। परिवीक्षा अधिकारी महिला कल्याण ने समस्या सुनकर केंद्र संचालन में आ रहीं सभी समस्याओं का समाधान अपने स्तर से करने का अश्वासन समन्वयक जनक चंद को दिया। इस अवसर पर केंद्र की सदस्य सरोज चंद, विनिता रजवार, भावना चंद, तारा बिष्ट, प्रकाश चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-357

बाएं से दाएं

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी
5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।
7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।
2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।
3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।
6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



वर्ग पहेली - 356 का हल

1 ह			2 तु	
गा		3 सु	ल	
ना		हा	नी	
	4 कु	व	ल	य
5 र	ल	ना		6 खु
	प			र
7 इ	ति	हा	स	हा

सुडोकू-74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4			6	1	
	1			6				9
			3	5			2	
		5				3		8
4			8		6			2
8		7		9		1		
	5				7			
2				3			4	
	6	9			4		5	

सुडोकू - 73 का हल

6	1	4	3	7	9	5	2	8
3	5	7	1	2	8	4	6	9
2	8	9	5	6	4	3	1	7
4	7	5	9	1	3	6	8	2
8	3	2	7	5	6	9	4	1
9	6	1	4	8	2	7	5	3
1	4	6	8	3	7	2	9	5
7	2	8	6	9	5	1	3	4
5	9	3	2	4	1	8	7	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन — आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

कर्क — आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होगी।

कन्या — आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

तुला — आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक — आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

धनु — आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

मकर — आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

कुंभ — आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

मीन — आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 11.25
- धड़कन — शाम : 06.44

SONY MAX
- झूम बराबर झूम — सुबह : 11.30
- ऑल द बेस्ट — रात : 07.00

SONY PIX
- द डार्क नाइट — सुबह : 10.42
- द कॉन्ज्यूरिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बैंजो — सुबह : 10.30
- ये साली आशिकी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- क्वीन — सुबह : 09.20
- कुछ कुछ होता है — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम : सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत : ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता–इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

संपादकीय

देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80–90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है, लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है, जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं, सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

> यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल–नीनो नहीं है। अल–नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है, कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है, पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों, बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक, टमाटर, लहसन, मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है, ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब, आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे, लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है, जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल, बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

प्रसंगवश

नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था, जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका, अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो, जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता, शुचिता, ईमानदारी अभीष्ट थी, लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं, 'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात, तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है, उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है, लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं, लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है, जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है, लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

सोशल फोरम

बड़ा सच

डॉ. सलिल समाधिया
जबलपुर

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं, आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए, वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे, दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए, जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत, बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड, सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं, जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं, वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है, वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं, वह मूल्यहीन हैं।

-फेसबुक वॉल से

राग वसंत

संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन–कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं, मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां, लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है, तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया। काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता, उसकी रसमयता, उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है, परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां, बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती, आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत, स्निग्ध, निश्छल, ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग, गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है, उसे समझकर आश्चर्य होता, उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया, मौसम का यह रंग।।

विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

संजय वर्मा
इंदौर

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता, प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं, विज्ञान बेदर्द है, नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं, पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक, टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया, कोई धर्म गुरु, धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं, ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई, तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में, पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है, संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

एक नजर

आठ अप्रैल से शुरू होगा भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर

देहरादून। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र प्रसार भट्ट ने अवगत कराया कि गढ़वाल मंडल एवं कुमांऊ मंडल के भूतपूर्व सैनिकों/सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना/नौ सेना/वायुसेना एवं पुलिस/अर्धसैनिक बल में भर्ती के लिए 8 अप्रैल से 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य सैनिक विश्रामगृह देहरादून में किया जायेगा। जनपद देहरादून के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 3 से 6 अप्रैल तक भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर राज्य सैनिक विश्राम गृह, 15-सी कालिदास मार्ग, हाथीबड़कला में लगेगा। बाकी अन्य जनपदों के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक सम्बन्धित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा चयनित कर प्रशिक्षणार्थियों को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर राज्य सैनिक विश्राम गृह 15-सी कालीदास मार्ग हाथीबड़कला में 7 अप्रैल तक भेजना सुनिश्चित करेंगे।

वीसी से स्वीप के तहत कार्यक्रमों की समीक्षा की

देहरादून। मुख्य विकास झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष से वीसी के माध्यम स्वीप के तहत गतिमान कार्यक्रमों की समीक्षा की। समस्त जिला स्तरीय विभागीय कार्याध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नगर निगम, एमडीडीए, नगर पालिकाओं को अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधि आयोजित कर अपार्टमेंट, बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता के तहत चौपाल, चाय पार्टी आदि कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करें। साथ ही व्हासपऐप स्टेटस, मतदाता जागरूकता डीपी लगायें तथा मतदाता जागरूकता सम्बन्धित सामग्री पोस्ट करें। इस अवसर पर निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, सहायक निदेशक सूचना बीसी नेगी, सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, युवा कल्याण अधिकारी प्रांतीय रक्षक दल चमन सिंह उपस्थित रहे।

प्रश्नकाल पूरा, आज बजट पर की जाएगी चर्चा

विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विधायकों ने किए सवाल, सरकार ने दिए जवाब, नंदा गौरा योजना का मुद्दा भी उठाया

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड विधान सभा में बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में प्रश्नोतरी काल रहा। सरकार ने विधायकों के सवालों के जवाब दिए। आज बजट पर चर्चा की जाएगी।

बुधवार को विधान सभा सदन में भाजपा विधायक प्रीतम पंवार ने नन्दा गौरा योजना का मुद्दा उठाया। इसका जवाब देते हुए महिला विकास मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि वर्ष 2021- 22 तक का भुगतान हो चुका है। वर्ष 2022- 23 और 2023- 24 का भी जल्द भुगतान किया जाएगा।

उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने साहसिक पर्यटन विंग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की योग्यता को लेकर सवाल किया। इस पर पर्यटन मंत्री सतपाल ने महाराज ने बताया कि शैक्षिक योग्यता, मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कोर्स आदि अनिवार्य किया गया है।

विधान सभा में बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही में शामिल विधायक, मंत्री व अन्य। ● अमृत विचार

भाजपा के रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल ने गरीबों के राशन कार्ड ऑनलाइन दर्ज नहीं होने और जनता को परेशानी का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य योजना के तहत केंद्र ने यूनिट निर्धारित की है। अंत्योदय और प्राथमिक परिवार कार्ड धारकों के लिए भी यूनिट फिक्स है, प्रदेश का लक्ष्य फुल है, इसलिए नई यूनिट दर्ज नहीं हो रही हैं।

इसके अलावा कई विधेयक भी पटल पर रखे गए और आय-व्यय का लेखे जोखे पर भी चर्चा हुई। आज सत्र में बजट पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदन को संबोधित करेंगे फिर राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा।

पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए संकल्प पत्र प्रस्तुत

देहरादून। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने सदन में संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित समस्त समस्त 29 विषयों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपने का करने का संकल्प लिया। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को सदन में भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित समस्त 29 विषयों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपने का करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत वह अपने अधीनस्थ विभागों से करेंगे जिसमें सिंचाई एवं लघु सिंचाई आदि शामिल हैं। प्रदेश के पंचायत मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों की विशेष भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतें विकास की धुरी है।

प्रदेश की सड़कों के लिये 259 करोड़ रुपये स्वीकृत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधि के अंतर्गत उत्तराखण्ड के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों की 439 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण, सदृढ़ीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 259 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। इसमें पौड़ी लोकसभा क्षेत्र की 164 किमी की 7, अल्मोड़ा की 180 किमी की 4 तथा टिहरी की 65 किमी की 1 एवं नैनीताल की 30 किमी की 1 सड़क शामिल है।

इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। बता दें कि मुख्यमंत्री प्रदेश की लोक महत्व से जुड़ी इन सड़कों की आवश्यक मरम्मत हेतु केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधि से धनराशि स्वीकृत करने का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न लोक सभा क्षेत्रों के तहत कुल 439 किमी सड़कों का नवीनीकरण, सुधारीकरण एवं सुरक्षा संबंधी कार्य होने से क्षेत्र की जनता के साथ उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी और वह प्रदेश के विभिन्न स्थानों का भ्रमण आसानी से कर सकेंगे।

सौगात

- विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों की 439 किमी सड़कों की दशा सुधरेगी
- क्षेत्र की जनता के साथ पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी

प्रदेश की अर्थव्यवस्था की बड़ी छलांग

आर्थिक सर्वेक्षण

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने बड़ी छलांग लगाई है यह तथ्य आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट वर्ष 2023-24 में सामने आया है, जिसमें स्पष्ट है कि प्रदेश की विकास दर 7.58 फीसदी रही है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 346.20 हजार करोड़ पहुंच गया है, जबकि 2022-23 में इसका आकार 303.78 हजार करोड़ था। उत्तराखंड में प्रति व्यक्ति आय में भी 12.64 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय

- मुख्यमंत्री ने कहा यह सुशासन व वित्तीय अनुशासन का प्रमाण

बढ़कर 2 लाख 60 हजार 201 रुपये पहुंच गई है। वर्ष 2022-23 में यही आय 2 लाख 30 हजार 994 थी।

आर्थिक सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में सेकेंडरी सेक्टर का सबसे अधिक 46.84 प्रतिशत का योगदान रहा है। दूसरे नंबर पर टर्सरी सेक्टर यानी की सर्विस सेक्टर रहा है। सर्विस सेक्टर का अर्थव्यवस्था में 43.17 प्रतिशत योगदान रहा है।

वहीं प्राइमरी सेक्टर यानी एग्रीकल्चर का अर्थव्यवस्था में 9.99 प्रतिशत योगदान रहा है, 9 नवम्बर, 2000 को राज्य के अस्तित्व में आने के पश्चात वर्ष 2000-2001 में प्राप्त कर संग्रह 233 करोड़ था, जो कि वर्ष 2022-23 तक लगभग 52 गुना बढ़कर 12,028.68 करोड़ (2,135.60 करोड़ प्रतिकर धनराशि सहित) हो गया है।

वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर, 2023 तक कुल राजस्व संग्रह 8,496.82 करोड़ (476.62 करोड़ प्रतिकर धनराशि सहित) रहा है। उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में भी भारी कमी देखने को मिली है। 2021- 22 में उत्तराखंड में 8.4 फ़ीसदी बेरोजगारी दर थी, जो 2022-23 में घटकर 4.9 फ़ीसदी रह गई। वहीं बहुआयामी गरीबी में भी भारी गिरावट आई है। वर्ष 2015-16 में उत्तराखंड में बहुआयामी गरीबी की दर 17.67 थी जो साल 2019-21 में घटकर 9.67 फ़ीसदी रह गई।

किसानों के खातों में पहुंची 16वीं किस्त

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी कर दी, जिसमें देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधा उनके बैंक खातों में ट्रान्सफर कर दी गयी है। इससे उत्तराखण्ड के 736575 किसानों को 174.65 करोड़ उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तराखण्ड में 2570.4396 अब तक दिए जा चुके हैं। सुबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

पर्यटन विंग के क्रीड़ा विशेषज्ञों की योग्यता में संशोधन किया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के कार्मिकों के ढांचे में सृजित जल, थल एवं वायु क्रीड़ा विशेषज्ञों के नियत वेतन (संविदा) के पदों के लिए निर्धारित अहर्ताओं में कुछ संशोधन किए गए हैं।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विपक्षी सदस्य भुवन चन्द्र कापड़ी द्वारा सदन में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कही। पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति,

- सदन में विपक्ष के प्रश्न पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने दिया जवाब

लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को बताया कि थल क्रीड़ा विशेषज्ञ के लिए एक पर्वत का सफलतापूर्वक आरोहण 8000 मीटर ऊंचाई के स्थान पर एक पर्वत का सफलतापूर्वक आरोहण 6000 मीटर और एक पर्वत का सफलतापूर्वक आरोहण 7000 मीटर निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त मान्यता प्राप्त संस्थान से स्कीइंग में बेसिक, इंटरमीडिएट, एडवांस्ड कोर्स एवं एमओआई क्वालिफाइड अथवा स्कीइंग की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के साथ-साथ जल क्रीड़ा गतिविधियों के कार्य करने संबंधी 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। विपक्षी सदस्य भुवन चन्द्र कापड़ी ने जब सदन में पर्यटन मंत्री से थल, जल, वायु क्रीड़ा गतिविधियों की संपूर्ण सूची और मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कोर्स का ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा तो पर्यटन मंत्री महाराज ने संपूर्ण सूची व इन गतिविधियों में मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कोर्स उनके सम्मुख रख दिया।

लोकसभा चुनाव के लिए फोर्स मांगी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पादित कराने की तैयारियों को लेकर महानिरीक्षक आईटीबीपी संजय गुंज्याल के साथ बैठक की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने आईजीआईटीबीपी से तय समय सीमा तक फोर्स डिप्लोयमेंट प्लान तैयार कर फोर्स उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों एवं उनके परिजनों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। इसके लिए शीघ्र सुरक्षा

आईटीबीपी के महानिरीक्षक के साथ बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

बलों की मतदाता सूची आदि को अपडेट करने के लिए कहा। इस अवसर पर आईजी संजय गुंज्याल ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सुरक्षा बलों ने लोक सभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक सम्पादित कराए जाने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईजी नीलेश भर्ने, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदण्डे एवं सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

योजनाओं की डुप्लीकेसी के प्रति सतर्क रहें डीएम

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट किया कि भवन आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्यों के प्रस्ताव बनाकर मात्र औपचारिकताएं पूरा न समझें बल्कि प्रोजेक्ट्स के निरन्तर संचालन तथा सस्टेनिबिलिटी के लिए कार्य करें।

राधा रतूड़ी ने राज्य के सीमान्त गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ ही कौशल विकास, आजीविका प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास पर अधिकाधिक फोकस करने की हिदायत जिलाधिकारियों को जनपदों में संचालित हर योजना के आउटकम मॉनिटरिंग की सख्त नसीहत महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता को अनिवार्य किया जाय। जिलाधिकारियों को विभिन्न योजनाओं की डुप्लीकेसी के प्रति भी सतर्क किया। जिलाधिकारी अपने प्रत्येक प्रस्ताव, प्रोजेक्ट या योजना में कितने रोजगार सृजित होंगे, इसकी जानकारी अनिवार्यतः देंगे। बैठक में सचिव राधिका झा, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे, मनुज गोयल, रंजना राजगुरू सहित ग्राम्य विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से सीमान्त जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

चम्पावत। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में जिला योजना, बीस सूत्रीय, तीस सूत्रीय, टास्क फोर्स व मुख्यमंत्री की घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली।

सभी विभागों से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष के समापन से पहले जो धनराशि प्राप्त हुई है उसे 10 से 15 मार्च तक व्यय करना सुनिश्चित करें। अगले वित्तीय वर्ष के लिए एक भी अधूरा कार्य शेष न रहे। जिस भी विभाग द्वारा धनराशि समर्पित की जाएगी संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। बैठक में डीईएसटीओ दीप्तकीर्ती तिवारी आदि मौजूद रहे।

पुलिस चेकिंग में कार से 30 लाख रुपये मिले

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार से 30 लाख रुपए की नगदी जब्त की है। अब आयकर विभाग जांच करेगा।

पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ तस्करी/ भारी मात्रा में नगद धनराशि के संदिग्ध परिवहन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार को भी चेकिंग की जा रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली नम्बर कार (डीएल08-सीवाई-3191) में पांच लोग काफी मात्रा में नगदी ले जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कार उक्त आनन्दम स्वीट शॉप के उक्त वाहन को रोक लिया। कार में अमर पुत्र स्व. गोपाल सिंह निवासी ओल्ड राजपुर रोड, अश्विनी कोहली पुत्र एसआर कोहली निवासी जनकपार्क हरिनगर दिल्ली, अम्बरीश गोयल पुत्र स्व सुरेन्द्र कुमार गोयल निवासी 31 ओल्ड राजपुर रोड, पीयुष कोहली पुत्र धर्मवीर निवासी बी-201 हरिनगर नई दिल्ली तथा तान्या कोहली पत्नी अश्विनी कोहली सवार थीं। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को कार से दो अलग-अलग बैगों में कुल 30 लाख रुपए नगद बरामद हुए।

पुरानी पाइप लाइन से की जाएगी जलापूर्ति

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे सुंई क्षेत्र के ग्रामीणों को जल संस्थान ने फौरी राहत प्रदान करते हुए पुरानी पेयजल लाइन से जलापूर्ति का निर्णय लिया है। एक माह के भीतर नई लाइन से पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।

बुधवार को सुंई पऊ के ग्रामीणों ने चम्पावत में एडीएम हेमंत कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपकर नई पाइप लाइन से दूषित और लाल पानी आने की शिकायत की। उन्होंने सीएम कैंप कार्यालय और जल संस्थान कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा।

उप प्रधान योगेश ओली के नेतृत्व में ललित मोहन ओली, हिमांशु ओली, जीवन ओली, दीपक चतुर्वेदी, विपिन ओली, शंकर चनकन्याल, मयंक ओली, देवेश चतुर्वेदी, दयाकिशन सगटा, पंकज ओली, राहुल राम आदि ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि चार माह पूर्व जल संस्थान द्वारा सुंई लिफ्ट योजना के पुनर्गठन का काम शुरू किया। विभाग के ईई ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नई पाइप लाइन की खामियों को एक माह के भीतर दूर कर पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

अनिल चौधरी जिये पहाड़ समिति के जिला समन्वयक बने

टनकपुर। जिये पहाड़ समिति नैनीताल की ओर से टनकपुर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल चौधरी पिंकी को उनके नागरिक पुस्तकों का सफल संचालन के लिए जनपद चम्पावत का समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में नैनीताल के समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता अनिल चौधरी पिंकी को नियुक्त पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि पिंकी द्वारा जनपद चम्पावत में नागरिक पुस्तकों के बेहतर संचालन के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इधर अनिल चौधरी को समिति का जिला समन्वयक बनाए जाने पर जिले के तमाम संगठन, प्रतिनिधियों और लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री

रानीखेत। चार मार्च को विकासखंड ताड़ीखेत के श्रद्धानंद मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संवाद व संबोधन करेंगे। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। खंड विकास अधिकारी ललित कुमार महावर ने बताया कि पहले यह भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 24 फरवरी को किया जाना था। अब चार मार्च को प्रातः 10 बजे ताड़ीखेत के श्रद्धानंद मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। वहीं भाजपा संगठन भी इस आयोजन के लिए सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए भाजपा की ओर से प्रचार प्रसार प्रारंभ कर दिया है।

उत्तर प्रदेश

लकड़ी लेने आए युवक का मिला शव

रामपुर। पीपली वन में लकड़ी लेने आए उत्तराखंड के युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने गोली मारकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना के बाद मिलकखानम पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

घटना तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम के पीपली वन की है। उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी सेठ सिंह (35) उर्फ सेठी पुत्र फौजा अपने परिजनों से दोस्त व रिश्तेदारों के साथ मिलकखानम थाना क्षेत्र में स्थित पीपली वन के जंगल में लकड़ी लेने की बात कह कर गया था। जब वह दो दिनों तक नहीं लौटा तो परिजनों ने सूचना केलाखेड़ा पुलिस को दी।

12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ था प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक

- सिपाही भर्ती मामले में एसटीएफ के हाथ अहम सुराग, क्यूआर कोड का मामला आया सामने

और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ मे साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया है।

अवैध संबंधों को सुरक्षा नहीं दे सकता कानून : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक विवाहित महिला और उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोर्ट ऐसे रिश्ते की रक्षा नहीं कर सकती है, जो कानून द्वारा समर्थित नहीं है। अगर कोर्ट ऐसे अवैध संबंधों को संरक्षण देगी तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने पिंकी और अन्य की याचिका को 2000 रुपए जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया। महिला मुस्लिम धर्म से संबंधित है और उसका लिव-इन पार्टनर हिंदू है। महिला को अपने पति से जान का खतरा है, इसलिए उसने हाईकोर्ट के समक्ष सुरक्षा याचिका दाखिल की। महिला ने पति पर आरोप लगाया कि वह शराबी है और नियमित रूप से उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वह अपनी 5 साल की बच्ची के साथ अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी। उसने आगे तर्क दिया कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के समक्ष भी एक आवेदन दिया था।

शराब की दुकान पर डकैती डालने में पांच को उम्रकैद

मुरादाबाद। डकैती/लूट के मामले में न्यायालय ने बुधवार को दोषसिद्ध पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास और कुल 10.35 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला घटना के साढ़े 34 महीने बाद आया है। अर्थदंड की धनराशि में प्रत्येक अभियुक्त को 2,07,000 रुपये की दर से अदा करना होगा। न्यायालय एडीजे-6 के न्यायाधीश संदीप गुप्ता की ओर से सजा पाए इन अभियुक्तों में विनोद कुमार उर्फ बंटी, अनूप सिंह, विपिन उर्फ डकरा, रवि ठाकुर और कुलदीप हैं। इनके विरुद्ध कुंदरकी थाने में वर्ष 2021 में डकैती/लूट के आरोप में पीड़ित प्रदीप कुमार ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।

प्रदीप बदायूं जिले के थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव नंगला तरउ के रहने वाले हैं। इनकी कुंदरकी में देशी शराब की दुकान थी। घटना 12 अप्रैल 2021 की है। कुंदरकी में डोंगरपुर मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान में डकैतों ने तमंचा व लाठी-डंडों से मारपीट कर दुकान की चाबी छीनकर लूट की थी।

सार-संक्षेप

सांसद डा. बर्क सुपुर्दे खाक, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

संभल। देश के सबसे उम्रदराज 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को गमगीन माहौल के बीच बुधवार को आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में ऐसा भारी जन सैलाब उमड़ा कि पुलिस को व्यवस्था संभालने में पसीने आ गये। संभल हसनपुर रोड पर यातायात पूरी तरह बंद रहा जबकि कई रूट डायवर्ट किये गये। दफ्न में तमाम राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने शिरकत की। 94 वर्षीय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क एक माह से बीमार थे। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती सांसद बर्क का निधन हो गया था। संभल के दीपा सराय में उनके घर के नजदीक ही सगीर पैलेस में शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। जहां कल से ही लोगों की भीड़ अजीज नेता के आखरी दीदार को उमड़ रही थी। बुधवार सुबह पुलिस की टुकड़ी ने सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को सलामी दी। उसके बाद हिंदूपुरा खेड़ा तिराहा पर खानकाह दरगाह माहरेरा शरीफ के सज्जादा नशीन सैयद अमीन मियां कादरी ने नमाज ए जनाजा अदा कराई। इसके बाद जनाजा कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। जनाजे में इतनी बड़ी संख्या में लोग जुटे थे कि मय्यत कब्रिस्तान में पहुंच गई तब भी जनाजे का पिछला छोर नजर नहीं आ रहा था।

ओवरटेक कर रोकी कार तो सीओ पर भड़के चंद्रशेखर

संभल। संभल से रामपुर के लिए रवाना हो रहे आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर को रोकने के लिए सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह ने ओवरटेक कर चंद्रशेखर की कार रुकवाई तो चंद्रशेखर सीओ पर भड़क गये। गुस्से में बोले क्या जान से मारने का इरादा है। यहां सीओ संभल ने किसी तरह चंद्रशेखर को समझाकर कार में बैठाया। संभल में डा. शफीकुर्रहमान बर्क के जनाजे में शामिल होने के बाद चंद्रशेखर जनपद रामपुर के सिलाई बड़ा गांव में पीड़ित दलित से मिलने के लिए रवाना हुए तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोकने के प्रयास शुरु किये। काफिला रवाना हुआ तो रोकने के लिए चौधरी सराय में बैरियर लगा दिया गया। इससे पहले ही पीछे से आये सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह ने अपनी सरकारी जीप से चंद्रशेखर की कार को ओवरटेक कर कार रुकवा ली।

लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया। गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,304.88	21,951.15
गिरावट	790.34	247.20
प्रतिशत में	1.08	1.11

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 29 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 97 मसूरी- 84 बासमती- 142-160
दाल दलहन : काला चना- 94 साबुत चना दाल- 92 मूंग साबुत- 117 राजमा- 145 दाल उड़द- 145 साबुत मसूर दाल- 109 मसूर दाल- 110 उड़द साबुत- 128 काबुली चना- 175 -185 अरहर दाल- 158 लोबिया/करमानी- 127 सोयाबीन- 89 मूंगफली- 130 मटर (सूखी)- 60-68 मक्का- 30।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950. चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	71,500
चांदी तैयार	71,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	708 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

चीनी ऐप के खिलाफ तलाशी में 123 करोड़ रुपये जब्त किए

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने चीनी नियंत्रण वाले सट्टेबाजी एवं कर्ज वितरण ऐप के खिलाफ जांच के सिलसिले में मुंबई, चेन्नई और कोच्चि में तलाशी के दौरान लगभग 123 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि जब्त की है। चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाले इन ऑनलाइन मंचों के खिलाफ कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। ईडी इनके खिलाफ धनशोधन से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। लोगों ने शिकायत की थी कि उन्हें ऋण देने, जुआ खेलने से संबंधित ऑनलाइन मंचों के जरिये धोखा दिया गया था।

देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है। बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

नई दिल्ली। भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

शिमला। राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

चेन्नई। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

- 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के

नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।

22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

खेल डायरी

बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप



दुबई,एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा

नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।



भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर

दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

- रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

आरसीबी के लिए रेणुका ने मंच किया तैयार: मोलिन्यु

बेंगलुरू, एजेंसी

ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यु ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दोनों मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई।

आरसीबी की टीम 4 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई इंडियन्स के भी 4 अंक हैं, लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है। मंगलवार रात आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया, जिसमें रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इसके जवाब में 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दूसरी जीत दर्ज की। मोलिन्यु ने कहा कि रेणुका ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वह शुरुआत से ही गेंद को खूबसूरती से स्विंग कराती है और मुझे लगता है कि उसने दोनों मुकाबलों में हमारी जीत का मंच तैयार किया।

गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार

बेंगलुरू। बांग्लादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में अब 7 महीने बचे हैं और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिए तेज गेंदबाजों का पूल तैयार करना चाहते हैं। झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने कहा कि पिछली श्रृंखला में चार तेज गेंदबाज थे। मैं डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं।

1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत

नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...



चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

चिप निर्माण में ताइवान उभरा

ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल

तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3 .48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

एक नजर

ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

वाशिंगटन। यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

लंदन। लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।

दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

सोल। दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

माले। चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन :पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।

खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

नई दिल्ली। रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास...

बीकानेर : महाजन फायरिंग रेंज में भारत और जापान की सेना में संयुक्त युद्धाभ्यास 'धर्म गार्डियन' जारी है। दोनों देश के सैनिक हथियारों की तकनीक साझा कर रहे हैं। सैनिकों ने रेंज के धोरों पर टैंक दौड़ाए। यह युद्धाभ्यास 9 मार्च तक चलेगा। जापान का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैन्ट्री और भारत का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की बटालियन कर रही है। ● एजेंसी

खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

भुवनेश्वर। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

विज्ञान एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

5 मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव

अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।